हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–120 : जौनपुर, शनिवार 07 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## गोरखपुर साहित्य उत्सव : संवेदनशीलता ही साहित्य की जननी है –आरिफ मोहम्मद खान

गोरखपुर ब्यूरो : दो दिवसीय गोरखपुर लिटरेरी फेस्टिवल की शुरुआत लोकतंत्र और साहित्य विषयक उद्घाटन सत्र से हुई। इस सत्र में मुख्य अतिथि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्य वक्ता साहित्यकार और लेखिका मृदुला गर्ग, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात साहित्यकार व साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केरल के महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि हमारे यहां इस संसार की तुलना एक विषवृक्ष से की गई है। इस संसार से विष उत्पन्न होता है लेकिन इसमें दो अमृत से भरे हुए फल लगते हैं जिनमें से पहला है काव्य और दूसरा है सत्पुरुष। काव्य हमें रस देता है और सत्पुरुष हमें मार्गदर्शन देते हैं। जो लोग सार्वजनिक जीवन में होते हैं उनकी व्यस्तता इतनी ज्यादा होती है कि उनको किताबें पढ़ने का समय नहीं मिल पाता है।उन्होंने कहा कि बुनियादी तौर पर टिप्पणी या आलोचना के बगैर



लोकतंत्र चल नहीं सकता लेकिन लोकतंत्र में दुराव की भावना नहीं होनी चाहिए। हमारी बनाई हुई सरकारे हैं और यह अधिकार हमारा है कि आने वाले समय में ऐसी सरकारों को बदल दें जो हमारी भावनाओं पर खरी नहीं उतरती हैं। इससे लोकतंत्र में एक आत्मविश्वास पैदा होता है और स्वयं का सशक्तिकरण होता है।

## घर में घुसकर तेंदुआ नें एक बच्चे को किया घायल

अलीगढ़ ब्यूरो : अलीगढ़ के गांव जवां में तेंदुआ घुस आया है। उसने एक बच्चे के ऊपर हमला किया, जिससे बच्चा घायल हो गया। ग्रामीणों ने तेंदुआ को एक कमरे में बंद कर दिया है। पुलिस और वन विभाग की टीम पहुंच गई है। अभी तक तेंदुआ को पकड़ने में सफलता नहीं मिली है। जवां नगर पंचायत में आज सुबह 8.30 बजे के लगभग कुछ ग्रामीण खेत में आग ताप रहे थे। उन्होंने गेंहू के एक खेत में कुछ हलचल देखकर 15 वर्षीय विशाल पुत्र गणेश को पशु भगाने के लिए भेजा। बच्चा जैसे ही खेत में पहुंचा, वहां पर तेंदुआ लेटा हुआ था। बच्चे ने तेंदुआ को एक पत्थर का टुकड़ा उठाकर मार दिया। तेंदुआ ने बच्चे पर हमला बोल दिया। जिससे बच्चा घायल हो गया। बच्चे की आवाज सुनकर ग्रामीण वहां पहुंचे। उन्हें देखकर तेंदुआ गांव की ओर भागा। कुछ दरवाजे बंद थे। प्रेम मुरारी पुत्र देवी शरण के एक कमरे का दरवाजा खुला हुआ था, तेंदुआ उसमें घुस गया। ग्रामीणों ने कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। उस घर के सदस्यों ने रसोईघर में बंद



होकर अपनी जान बचाई। मामले की सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम गांव में पहुंची। तेंदुआ, जिस कमरे में बंद है, उसके आस–पास लोगों को आने–जाने से रोका हुआ है। अभी तक तेंदुआ को पकड़ा नहीं जा सका है।

## टप्पल का नौ वर्ष पुराना कांड निर्णय के करीब : भाजपा नेता ज्ञानी हत्याकांड में गवाही पूरी

अलीगढ़ ब्यूरो : अलीगढ़ में टप्पल क्षेत्र के गांव जहानगढ़ के बहुचर्चित भाजपा नेता ज्ञानचंद्र शर्मा उर्फ ज्ञानी हत्याकांड में सभी गवाही पूरी हो गईं। बृहस्पतिवार को गवाही की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस मामले में आरोपियों के बयान दर्ज कराने के लिए अब अगली तारीख 10 जनवरी नियत की गई है। बता दें कि जहानगढ़ के प्रधानपति व टप्पल सहकारी समिति अध्यक्ष ज्ञानी की हत्या कराने का आरोप तत्कालीन जिला पंचायत अध्यक्ष मौजूदा में भाजपा में सक्रिय सुधीर चौधरी पर है। मुकदमा एडीजे–प्रथम की अदालत में विचाराधीन है। घटना वाली शाम 25 अगस्त 2014 को ज्ञानी अपनी गाड़ी से गांव लौट रहे थे। तभी उनकी ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या की गई। इस दौरान ज्ञानी का साथी राजू जख्मी हुआ था। हत्या का मुकदमा ज्ञानी के भाई अमर चंद्र द्वारा दर्ज कराया गया। हालांकि खुलासे के समय मात्र तीन गिरफ्तारी हुईं। तत्कालीन एसएसपी मोहित गुप्ता ने खुलासा किया कि यह हत्या तत्कालीन जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर चौधरी ने कराई है। जिसमें कहा कि ज्ञानी से टप्पल सहकारी समिति चुनाव में योगेंद्र व बल्ली ने खुन्नस मान ली थी। इधर, अब अपने बढ़ते सियासी रसूख के चलते ज्ञानी उस जिला पंचायत वार्ड से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा था, जिससे खुद सुधीर चुनाव लड़ते हैं। आरोप है कि इसी क्रम में सुधीर के इशारे पर अन्य लोगों ने यह हत्या की है। 14 माह तक चली जद्दोजहद इस मामले में सुधीर शुरुआत से कहते रहे



कि उन्हें राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया गया है। आरोप निराधार है। इसी दलील के साथ वे पहले जिला पुलिस से लेकर शासन तक गए। बाद में पुलिस आरोप और चार्जशीट के खिलाफ हाईकोर्ट तक गए। जब कहीं से राहत नहीं मिली तो उन्होंने सरेंडर किया। अब गवाही पूरी इस मामले में अभियोजन अधिवक्ता एडीजीसी रामकुमार बताते हैं कि मुकदमे में हत्याकांड से जुड़े सभी पब्लिक व पुलिस के कुल एक दर्जन गवाहों की गवाही हो चुकी है। बृहस्पतिवार और शुक्रवार में गवाहों की गवाही पूरी कराकर गवाही की प्रक्रिया को पूर्ण कराया गया है। न्यायालय ने अब इस मामले में धारा 313 के तहत आरोपियों के बयान कराने की तारीख नियत की है। कब, क्या हुआ 25 अगस्त 2014 को जहानगढ़ गांव के प्रधानपति ज्ञानचंद्र उर्फ ज्ञानी की हत्या31 अगस्त को तीन आरोपियों की गिरफ्तारी और हत्याकांड का खुलासा किया 2014 के अंत तक इस हत्याकांड के दो मुख्य आरोपी बल्ली और योगेंद्र गए जेल 30 मार्च 2015 को इस मुकदमे में पुलिस ने एक पार्ट में चार्जशीट दायर की थी 3 जून 2015 को सुधीर चौधरी को साजिश का आरोपी करार देकर चार्जशीट दी अक्तूबर 2015 में हाईकोर्ट ने दिए सुधीर चौधरी को कोर्ट में हाजिरी के निर्देश19 अक्तूबर 2015 को सुधीर चौधरी ने जिला पंचायत अध्यक्ष रहते किया सरेंडर

## जिला कारागार जौनपुर का भौतिक रूप से निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल, के निर्देशों एवं अनुमति से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी./सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रशान्त कुमार द्वारा 06 जनवरी 2023 को जिला कारागार, जौनपुर का भौतिक रूप से निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरानें बन्दियों की समस्याएं तथा जेल अस्पताल में भर्ती बन्दी मरीजों का हाल–चाल पूछा गया। बन्दियों को विधिक एवं मौलिक अधिकारों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। ऐसे विचाराधीन बन्दी जो अपने वादों में पैरवी हेतु अधिवक्ता करने में अक्षम है तथा ऐसे सिद्धदोष बन्दी जो अपने मामलों में उच्च न्यायालय में अपील करने में अक्षम हों वह कारागार अधीक्षक के माध्यम से अपने प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं। कैदियों के नाबालिक होने की संभावना को देखते हुए जन्म प्रमाण पत्र मंगवाने की सलाह दी गयी। समयपूर्व रिहाई के पात्र बन्दियों को चिन्हित कर उनके प्रार्थना पत्र तैयार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 1096 बन्दी है, जिनमें 187 पुरूष तथा 07 महिला सिद्धदोष बन्दी हैं तथा 784 पुरूष तथा 37 महिलाएँ एवं 45 अल्पवयस्क विचाराधीन बन्दी



तथा प्रशासनिक आधार पर अन्य कारागार से प्राप्त बंदियों की संख्या 36 है। कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ कुल 07 बच्चे हैं। जेल अस्पताल के निरीक्षण में साफ–सफाई में कमियों की तरफ इंगित करते हुए साफ–सफाई की व्यवस्था का कड़ाई से पालन करने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। अधीक्षक द्वारा यह भी बताया गया कि बन्दियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय से चिकित्सकों की एक टीम का गठन भी किया गया है जिनके द्वारा प्रत्येक बुधवार को बन्दियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। जेल अधीक्षक को यह भी निर्देशित किया गया कि वह मुख्य चिकित्साधिकारी से सामंजस्य स्थापित करते हुए बंदियों की एच0आई0वी0 की जॉच नियमित अंतराल पर कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जेलर कुलदीप सिंह भदौरिया, डिप्टी जेलर, राजकुमार सिंह, धर्मेन्द्र सिंह व श्रीमती सुषमा शुक्ला, चिकित्साधिकारी डा0 रविराज, फार्मासिस्ट सतीश कुमार गुप्ता तथा जेल पी0एल0वी0 गण व अन्य उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मा0 काशीराम सामुदायिक भवन में संपूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मा0 काशीराम सामुदायिक भवन में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारी को निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर कुल 63 शिकायतें प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई जिसमें मौके पर ही 10 शिकायतों का निस्तारण किया गया। समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य रूप से राजस्व, भूमि विवाद, अवैध कब्जे, आवास एवं राशन कार्ड की शिकायते आयी जिसे सम्बंधित अधिकारियों को सौपते हुए निर्देशित किया कि 01 सप्ताह की भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये और



निस्तारण करने के बाद शिकायतकर्ता से बात अवश्य कर ले। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर सुनील कुमार भारती, डीएफओ प्रवीण खरे, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह, क्षेत्राधिकारी कुलदीप गुप्ता उपस्थित सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## देवरिया में मुख्य नहर टूटी : तीन गांवों की फसलें डूबीं

देवरिया ब्यूरो : देवरिया जिले के मुंडेराचंद चौराहा पर मुख्य नहर टूटने से तीन गांवों के किसानों की करीब 70 एकड़ फसल डूब गई है। शनिवार सुबह किसानों ने जुटकर नहर को बांधा। फसल बर्बाद होने से किसान परेशान हैं। वे इसे विभाग की लापरवाही बताकर आक्रोश जता रहे हैं। स्थानीय चौराहे पर नहर पर पुल बन रहा है। इसलिए नहर को बांध दिया गया था। इससे पानी आगे नहीं बढ़ पाया और रात को नहर टूट गई। देसही देवरिया क्षेत्र के मुंडेराचंद चौराहा पर (देवरिया – हेतिमपुर मुख्य मार्ग) नहर पर पुल निर्माण कार्य चल रहा है। विभाग की तरफ से कुछ माह पहले ही वहां नहर को मशीन लगाकर बांध दिया गया था। अब नहर में पानी आने पर भी नहर विभाग की तरफ से वहां नहर में न ही पाइप डाला गया न ही पानी आगे जाने के लिए खोला गया। शुक्रवार की रात पानी और ज्यादा आने की वजह से दबाव बढ़ने पर नहर टूट गई। इससे मुंडेरा चंद, डुमरी एखलाश और भटनी बुजुर्ग सहित तीन ग्रामसभाओं के किसानों की 70 एकड़ के करीब फसलें पानी में डूब गईं। शनिवार की सुबह किसानों ने अपनी फसलों को डूबा देखा तो हैरान हो गए। कड़ाके की ठंड में उन्होंने खुद नहर को बांधा। लोगों की नाराजगी देखते हुए जिम्मेदारों ने वहां पाइप लगाकर नहर में पानी की सप्लाई आगे बढ़ाई। सुरेश चंद, नितेश चंद, विनय चंद, उमेश सिंह,



परमहंस सिंह, जोगी गुप्ता, उमेश गुप्ता, राम धनी सिंह, कपिल, वशिष्ठ, काशी, नत्थू, जगदीश गुप्ता, छोटेलाल, दिग्विजय, मार्कण्डेय तिवारी, आलोक सिंह, लालजी सिंह सहित किसानों का आरोप है कि सिचांई विभाग ने समय रहते पानी आगे निकलने की व्यवस्था कर दी होती तो उनकी फसलें इस तरह बर्बाद नहीं होतीं। पहले नहर सूखी थी। ऐसे में किसानों ने निजी साधन से खेत की बुवाई और सिंचाई की थी। अब जब नहर में पानी आया तो उनकी गाढ़ी मेहनत से बोई गई फसल ही बर्बाद हो गई। इससे नाराज किसानों ने मुआवजे की मांग की है। एक्सईएन दुर्गेश गर्ग ने कहा कि मुख्य नहर टूटने की जानकारी नहीं है। वहां पुल बन रहा था। इतना पानी अचानक कैसे पहुंच गया, मामले को दिखवा रहे हैं।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## जेसीआई जौनपुर ने जरूरतमंदों को कराया भोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : युवाओं की सबसे बड़ी संस्था जेसीआई जौनपुर द्वारा ईच वन फीड वन भोजन वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत सिपाह स्थित चाचकपुर बस्ती के गरीब व जरूरतमंदों को भोजन के पैकेट




का वितरण किया गया जिसको पाकर उनके चेहरे पर खुशी छा गयी। संस्था अध्यक्ष दिलीप सिंह ने कहा संस्था गरीब और जरूरतमंदो की सेवा के लिये हमेशा तत्पर रहती है। जोन डायरेक्टर गौरव सेठ ने बताया कि इस तरह के कार्य प्रत्येक माह व पूरे वर्ष किये जाते रहेगें। उक्त कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष मनीष विशाल तिवारी, उपाध्यक्ष राजकुमार जयसवाल, प्रदीप सिंह, सौरभ बरनवाल, अमन कुरैसी, सनी सेठ आदि उपस्थित रहे। सचिव आकाश केशरवानी ने आये हुए सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बच्चों और महिलाओं के लिये कल से चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान

जौनपुर सू.वि. : शासन के निर्देश के क्रम में कल से बच्चों एवं गर्भवती महिलाअें के लिये विशेष टीकाकरण अभियान जनपद में चलाया जायेगा। यह अभियान तीन चरणों में चलाया जायेगा। प्रथम चरण– 9 जनवरी, 2023 से 20 जनवरी, 2023 तक, द्वितीय चरण– 13 फरवरी, 2023 से 24 फरवरी, 2023 तक एवं तृतीय चरण 13 मार्च से 24 मार्च तक चलाया जायेगा। इसके साथ नियमित टीकाकरण कार्यक्रम प्रत्येक बुद्धवार एवं





शनिवार को पूर्व की भॉति चलता रहेगा। बताते चलें कि जनपद में 13 जानलेवा बिमारियों से बचाव हेतु 11 प्रकार के टीके बच्चों को लगाये जाते है। यह टीकाकरण कार्यक्रम पूरे वर्ष अनवरत चलाये जाते हैं, इस दौरान कुछ बच्चे टीकाकरण से छूट जाते है, यह विशेष टीकाकरण अभियान मुख्य रूप से किसी भी कारणवस छूटे हुये बच्चों को सभी टीकों से आच्छादित करने के लिए चलाया जा रहा है। विभाग द्वारा इसके लिये 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों का सर्वे आशा एवं ऑगनबाड़ी कार्यर्त्रियों द्वारा कराया गया है, सर्वे में कुल 0 से 5 वर्ष के 527522 बच्चे मिले है, इन 0 से 5 वर्ष के बच्चों में से एम.आर.–1 के 16315 बच्चे छूटे मिले हैं एवं एम.आर.–2 के 28958 बच्चे छूटे मिले हैं। विभाग द्वारा उपरोक्त समस्त बच्चों का शत–प्रतिशत टीकाकरण करने हेतु माइक्रोप्लान तैयार कर लिया गया है एवं वैक्सीन व अन्य लॉजिस्टिक की व्यवस्था पूर्ण कर ली गयी है, अभियान के दौरान प्रतिदिन टीकाकरण किया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी विभागों को इस टीकाकरण अभियान में सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि, अपने बच्चों को इस दौरान छूटे हुये टीके अवश्य लगवायें।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

योगी न बन सकें तो उपयोगी अवश्य बनें।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# द्रमुक को दो पूर्व आईपीएस की चुनौती

द्रविड़ विचारधारा से ग्रस्त तमिलनाडु की राजनीति अब सिमटती जा रही है। वहीं भाजपा जयललिता की जगह हथियाने की कोशिश कर रही है। पिछले 18 महीनों में तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी द्रमुक केंद्र और नरेंद्र मोदी विरोधी बयानबाजी में लगी हुई थी।

दुर्भाग्य से एम जी रामचंद्रन और जयललिता द्वारा स्थापित अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक) नहीं, बल्कि भारतीय पुलिस सेवा के दो पूर्व अधिकारी एम के स्टालिन के नेतृत्व वाले द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के खिलाफ तमिलनाडु की राजनीति को संचालित कर रहे हैं। गुजरात में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद द्रमुक राजनीतिक दबाव में है। एक मजबूत केंद्र को क्षेत्रीय पार्टियां अपने लिए नकारात्मक रूप में देखती हैं। फिर वह स्टालिन की द्रमुक, जगनमोहन रेड्डी की वाईआरएस कांग्रेस, के चंद्रशेखर राव की टीआरएस हो या ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ही क्यों न हो। इधर तमिलनाडु की राजनीति में नाटकीय बदलाव आया है। इतिहास में कभी ऐसा नहीं हुआ था, कि दो पूर्व पुलिस अधिकारी किसी राजनीतिक दल के कट्टर प्रतिद्वंद्वी बने हों। क्या द्रमुक को इन दो पूर्व आईपीएस अधिकारियों से डरना चाहिए? केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने वर्ष 2021 में दोनों पूर्व आईपीएस को तमिलनाडु भेजे जाने से पहले समझा दिया कि वहां द्रमुक विरोधी और हिंदू राष्ट्रवाद के लिए एक आधार तैयार किया जाए। राज्य में अन्नाद्रमुक, एनटीके, पीएमके जैसे राजनीतिक दलों के नेता पीछे चले गए हैं, तमिलनाडु को सीरियल बम धमाकों तथा धर्मांतरण के लिए दोषी ठहराया जा रहा है और राज्य में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के छापे रोज पड़ रहे हैं।

द्रविड़ विचारधारा से ग्रस्त तमिलनाडु की राजनीति अब सिमटती जा रही है। वहीं भाजपा जयललिता की जगह हथियाने की कोशिश कर रही है। पिछले 18 महीनों में तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी द्रमुक केंद्र और नरेंद्र मोदी विरोधी बयानबाजी में लगी हुई थी। राज्य की वित्तीय स्थिति दयनीय है। राज्य में कोई बड़ा विदेशी निवेश नहीं आ रहा है। जीएसटी करों के लिए बार–बार केंद्र से टकराव होता है। हाल ही में टाटा के चेयरमैन चंद्रशेखरन नटराजन ने मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के साथ बैठक की थी। दिलचस्प बात है कि कुछ द्रमुक नेता इस बात पर बिफरते हैं कि स्टालिन ने इस बैठक में अपने पुत्र को क्यों शामिल किया। विपक्षी दलों ने द्रमुक पार्टी और सरकार पर वंशवादी नियंत्रण को लेकर सवाल उठाया।

द्रमुक ने कांग्रेस और दो कम्युनिस्ट दलों–वीसीके एवं एमडीएमके के साथ प्रगतिशील गठबंधन बनाया है। हाल ही में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा तमिलनाडु से होकर गुजरी, पर उसका कोई राजनीतिक प्रभाव नहीं पड़ा। हां, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में कमल हासन के शामिल होने से राज्य में विवाद खड़ा हो गया, क्योंकि कमल हासन द्रमुक के बगैर गठबंधन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं मुख्य विपक्षी पार्टी अन्नाद्रमुक जाति आधारित झगड़े के कारण चार समूहों में विभाजित है। राज्य की राजनीति में दखल देने वाले दो पूर्व आईपीएस अधिकारियों में से एक रवींद्र नारायण रवि तमिलनाडु के राज्यपाल हैं और पहले नई दिल्ली में खुफिया ब्यूरो के प्रमुख रह चुके हैं। वह तमिलनाडु विधानसभा द्वारा पारित 25 विधेयकों पर कुंडली मारकर बैठे हैं। वह आगामी नौ जनवरी को तमिलनाडु विधानसभा के सत्र को संबोधित करने वाले हैं। रवि उस धरती पर सनातन धर्म का प्रचार कर रहे हैं, जो द्रविड़ संस्कृति का केंद्र है।

दूसरे पूर्व आईपीएस अधिकारी के अन्नामलाई हैं, जो तमिलनाडु में भाजपा के अध्यक्ष हैं। छत्तीस वर्षीय के अन्नामलाई ने वर्ष 2019 का विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दे दिया था। अन्नामलाई फिलहाल द्रमुक विरोधी प्रचार का नेतृत्व कर रहे हैं। वह राज्य में भाजपा को मजबूत करने के लिए सभी विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों में पदयात्रा करने वाले हैं। लेकिन अन्नामलाई इन दिनों अपनी कलाई घड़ी को लेकर विवाद में फंस गए हैं, जो राफेल कंपनी द्वारा निर्मित है और जिसकी अनुमानित कीमत लाखों में है। उन्होंने इस आरोप का सामना करते हुए कहा कि वह अपनी वेबसाइट पर रसीद अपलोड करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस घड़ी की सार्वजनिक नीलामी की जाएगी और उससे प्राप्त धन को मुख्यमंत्री प्राकृतिक आपदा कोष में दान किया जाएगा। साथ ही अन्नामलाई ने एक शर्त लगा दी कि क्या मुख्यमंत्री स्टालिन के पुत्र उदयनिधि अपनी घड़ी की नीलामी के लिए तैयार हो सकते हैं, जो उनकी घड़ी की तुलना में बहुत ज्यादा महंगी है।

द्रमुक ने अपने चुनावी घोषणापत्र में बड़े–बड़े वादे किए थे, लेकिन उन्हें पूरा नहीं कर पाई। न तो डीजल की कीमत में कमी हुई, न नीट परीक्षा खत्म हुई, और न ही महिला मतदाताओं को 1,000 रुपये नकद मिले। द्रमुक अपने आश्वासनों को पूरा करने के लिए जूझ रही है। मतदाता मायूस हैं। पार्टी में आंतरिक कलह से प्रशासन चरमरा रहा है। उदयनिधि को मंत्री बनाए जाने से परिवार में अलग कलह है। अपराध चरम पर है। यहां तक कि द्रमुक के सांसद भी कोर्ट के आदेश पर जेल में हैं। पिछले हफ्ते द्रमुक के एक वरिष्ठ नेता की हत्या कर दी गई। भाजपा का आरोप है कि इसके मूल में भ्रष्टाचार है। राज्य का राजनीतिक परिदृश्य नाजुक है। तमिलनाडु के छह से आठ जिलों में वन्नियारों पर प्रभावी पट्टाली मक्कल काची अब अन्नाद्रमुक गठबंधन छोड़ने और द्रमुक गठबंधन में जाने की योजना बना रही है। अगर ऐसा होता है, तो द्रमुक बेशक गले लगाएगी, लेकिन विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके) के संभावित निकास से द्रमुक दलित वोट खो देगी। जाहिर है, वीसीके को अन्नाद्रमुक से हाथ मिलाना होगा, लेकिन वह किस गुट के साथ हाथ मिलाएंगे?

द्रमुक भी केंद्र के प्रति नरमी बरत रही है। नवंबर, 2022 में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई मुलाकात को एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया जा रहा है। स्टालिन ने भी खुले तौर पर स्वीकार किया है कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है और अपनी पार्टी के नेताओं के बयानों से उन्हें ठीक से नींद नहीं आ रही है। ऐसे बयान से द्रमुक कार्यकर्ताओं को लगता है कि उदयनिधि द्रमुक का नियंत्रण करने के लिए तैयार हैं और धीरे–धीरे उदयनिधि को उप मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। चाहे कोई कुछ भी तर्क दे, स्टालिन ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपने बेटे उदयनिधि को पार्टी के केंद्र में रखा है।

ये लेखक के अपने विचार हैं।

# माघी पूर्णिमा पर पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पुण्य की त्रिवेणी में लगाई डुबकी

प्रयागराज ब्यूरो : पौष पूर्णिमा पर शुक्रवार को संगम पर पुण्य की डुबकी के साथ संतों–भक्तों के सबसे बड़े समागम के रूप में महीने भर के माघ मेले का शुभारंभ हो गया। आस्था, भक्ति और विश्वास की त्रिवेणी में प्रथम डुबकी लगा कर जीवन धन्य बनाने के लिए हर कोई आतुर था। कोहरे की घनी चादर में हाड़ कंपा देने वाली ठंड भी आस्था के कदमों को नहीं डिगा सकी। कोई लेटते हुए संगम पर स्नान के लिए पहुंचा, तो कोई बैंडबाजे के साथ नाचते–कीर्तन करते हुए। इसी के साथ महीने भर का माघ मेला आरंभ हो गया। मेला प्रशासन ने शाम तक 5.10 लाख श्रद्धालुओं के संगम में डुबकी लगाने का दावा किया है। भोर में ही सिर पर आस्था की गठरी लिए श्रद्धालु संगम की ओर बढ़ने लगे। 6.04 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़के तापमान के बीच हर–हर गंगे के जयकारों के साथ लोग संगम की ओर आगे बढ़ते रहे। एक तरफ स्नान और दूसरी ओर पतित पावनी गंगा के दोनों तटों पर अन्न, वस्त्र का दान कर पुण्य कमाने के जतन किए जाते रहे। कहीं जयकारे गूंजते रहे तो कहीं दीयों की लौ जलाकर मंगल कामनाएं की जाती रहीं। संगम की रेती पर चढ़ी हांडियां,अन्नदान का सजा मेला पौष पूर्णिमा पर शुक्रवार को संतों–कल्पवासियों के शिविरों में तीन दर्जन से अधिक स्थानों पर अन्नक्षेत्र खुल गए। इसी के साथ जगह–जगह अन्नदान का भी मेला सज गया। खाक चौक, दंडीबाड़ा के अलावा अपर संगम मार्ग पर भोग–प्रसाद के लिए अन्नक्षेत्रों में लंबी कतारें लगी रहीं। स्नान पर्व पर एक तरफ डुबकी और दूसरी ओर चाय, नाश्ता और भोजन का दौर दिन भर चला। अपर संगम मार्ग पर स्थित के ओम नमः शिवाय बाबा के शिविर में हजारों की तादाद में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। अन्नक्षेत्र के संचालक गुरुदेव की मौजूदगी में एक साथ कई जगह अन्नक्षेत्रों का शुभारंभ हुआ। इन अन्नक्षेत्रों में अफसर, कर्मचारी, व्यापारी भी दोना–पत्तल हटाने से लेकर बर्तन की सफाई तक में जुटे रहे। मेलाधिकारी अरविंद चौहान भी इस अन्नक्षेत्र में पहुंचे। यह अन्नक्षेत्र दिन रात माघी पूर्णिमा तक चलता रहेगा।उधर, महावीर मार्ग पर तपस्वीनगर के गोपाल दास महाराज के शिविर में भी अन्नक्षेत्र खुल गया है। इसमें खीर, पूड़ी–सब्जी परोसी गई। मौनी बाबा के शिविर में भी भक्तों को पूड़ी–सब्जी परोसी गई। उधर, सेक्टर पांच स्थित चरखी दादरी के शिविर में स्वामी ब्रह्माश्रम की ओर से अन्नक्षेत्र चलाया जा रहा है। यहां सेकड़ों की संख्या में दंडी संन्यासियों के साथ ही भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह अन्य शिविरों में खोले गए अन्नक्षेत्रों में लोग थालियां धुल कर सेवा भाव से जीवन को धन्य बना रहे हैं। 155 कैमरों से हुई मेला क्षेत्र की निगरानी, एटीएस भी लगी पौष पूर्णिमा पर शुक्रवार को माघ मेले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। संगम नोज समेत मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर 155 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई। पुलिस व पीएसी के साथ ही एंटी टेररिस्ट स्क्वॉयड भी मेले में तैनात रही। जो संदिग्धों की तलाश में टोह लेती रही। भीड़ प्रबंधन के साथ ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा माघ मेले में पुलिस के लिए बड़ा मुद्दा था। अपेक्षा के मुताबिक श्रद्धालुओं की संख्या कम होने पर भीड़ प्रबंधन को लेकर शुक्रवार को चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा, लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर विशेष चौकसी बरती गई। मेला क्षेत्र में अलग–अलग स्थानों पर कुल मिलाकर 155 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। इन कैमरों से मिलने वाली लाइव फीड पर इंटीग्रेटेड कमांड एंट कंट्रोल सेंटर (आईट्रिपलसी) के जरिये नजर रखी गई। आईट्रिपलसी में तीन शिफ्टों में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। यह पुलिसकर्मियों ने लगातार संगम नोज से लेकर मेला क्षेत्र के चप्पे–चप्पे पर नजर रखी। मेले में पीएसी के साथ ही एटीएस के कमांडो भी तैनात रहे। सुबह अन्य अफसरों के साथ पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने मेले में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ड्रोन कैमरे से संदिग्धों पर रखी गई नजर संगम नोज के आसपास पुलिस की ओर से ड्रोन कैमरे से भी संदिग्धों की निगरानी की गई। ड्रोन से संगम नोज व आसपास के क्षेत्र में चप्पे–चप्पे पर नजर रखी गई। इस दौरान संदिग्ध गतिविधि वालों को रोककर चेकिंग के साथ ही पूछताछ भी की गई। उधर, एडीजी भानु भास्कर के साथ ही अन्य पुलिस अफसरों ने भी मेला क्षेत्र में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था देखी। कैडेट्स का बढ़ाया हौसला, जताया आभार मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे पुलिस कमिश्नर ने सेवाभाव के लिए एनसीसी कैडेट्स का हौसला भी बढ़ाया। भीषण ठंड में भी मनोभाव से श्रद्धालुओं की सेवा में लगे कैडेट्स को देखकर पुलिस कमिश्नर खुद ब खुद रुक गए। उनके पास जाकर उनसे बातचीत की और उनका हौसला बढ़ाया। इसके बाद उनके संग तस्वीर भी खिंचाई। आचार्यबाड़ा में वैष्णव संतों ने त्रिदंडी स्वामी की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि माघ मेला क्षेत्र के सेक्टर– पांच अन्नपूर्णा मार्ग पर आचार्यबाड़ा में रामानुजाचार्य स्वामी मधुसूदन आचार्य के शिविर में शुक्रवार को त्रिदंडी स्वामी की जयंती पर संतों–भक्तों ने पुष्पांजलि अर्पित की। बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (माघ मेला) डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने संतों की महिमा पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर अखिल भारतीय रामानुज वैष्णव समिति आचार्यबाड़ा के अध्यक्ष जगदगुरु अच्युत प्रपन्नाचार्य,महामंत्री कौशल प्रपन्नाचार्य,कृष्ण विहारी तिवारी समेत कई संत उपस्थित थे। लवकुश सेवा आश्रम से संतों ने निकाली शोभायात्रा,द्वादश ज्योतिर्लिंग का भव्य शृंगार त्रिवेणी मार्ग स्थित अयोध्या के लवकुश सेवा आश्रम शिविर में शुक्रवार को द्वादश ज्योतिर्लिंग का भव्य शृंगार किया गया। इस दौरान संतों–भक्तों ने द्वादश ज्योतिर्लिंग की संगीतमय आरती उतारी। इससे पहले बाजेगाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। लवकुश सेवा आश्रम के महंत स्वामी राम केवल दास की अगुवाई में संतों–भक्तों ने शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा त्रिवेणी मार्ग से अपर संगम मार्ग होते हुए संगम पर पहुंची। वहां स्नान और अर्घ्य के बाद शिविर में आए संतों और कल्पवासियों ने यज्ञ वेदी पर द्वादश ज्योतिर्लिंग का तरह–तरह के फूलों से शृंगार किया। इसके बाद बाजेगाजे के साथ आरती उतारी गई। संतों ने भी पौष पूर्णिमा पर लगाई पुण्य की डुबकी पौष पूर्णिमा पर संतों, महंतों और महामंडलेश्वरों ने संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। इसी के साथ संतों के शिविरों में विश्व कल्याण की कामना से यज्ञ, आहुतियां आरंभ हो गईं। जूना अखाड़े के संरक्षक और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरि गिरि ने संगम में प्रथम डुबकी लगाई। इनके अलावा खाक चौक व्यवस्था समिति के महामंत्री महामंडलेश्वर संतोष दास सतुआ बाबा ने भी संगम स्नान के बाद आरती, पूजा की। किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरि टीना मां के अलावा डॉ. राधाचार्या, अखिल भारतीय दंडी सन्यासी परिषद के अध्यक्ष स्वामी ब्रह्माश्रम समेत कई संतों और साध्वियों ने संगम में पुण्य की डुबकी लगाई।

# इस बार मकर संक्रांति होगी 15 को : विवाह मुहुर्त 20 से होगे प्रारम्भ

लखनऊ ब्यूरो : नए साल के आगाज के साथ ज्योतिषाचार्य ग्रहों की चाल से पर्वों की तारीख, शुभ मुहूर्त की गणना कर विशेष फलों का आकलन करने में जुट गए हैं। खरमास भी आठ दिन बचा है। 15 जनवरी को मकर संक्रांति के साथ मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। मकर राशि की सूर्य संक्रांति का मान 15 जनवरी को दिनभर रहेगा। इसके साथ खरमास खत्म होगा और मांगलिक व वैवाहिक कार्य शुरू होंगे। इस सीजन में करीब 20 विशेष विवाह लग्न हैं। इस बार अप्रैल में विवाह नहीं हो सकेंगे, क्योंकि 31 मार्च से एक मई तक गुरु अस्त हो रहे हैं। इसके बाद दो मई से वैवाहिक व मांगलिक कार्य शुरू हो पाएंगे। जनवरी के मुख्य तीज–त्योहारों, संयोग और वैवाहिक लग्नों के बारे में 'अमर उजाला' ने ज्योतिषाचार्य धीरेंद्र पांडेय और एसएस नागपाल से बातचीत की। सकट चौथ 10 को, विशेष फलदायी होगा मंगलवार गणेश चौथ के नाम से विख्यात गणेश चतुर्थी व्रत या सकट चौथ का मान मंगलवार 10 जनवरी को होगा। इस दिन संतान की दीर्घायु की कामना से माताएं उपवास करती हैं। रात 8:23 बजे के बाद चंद्रमा के दर्शन हो जाने पर विधिवत पूजन कर इसका पारण किया जाएगा। मंगलवार को गणेश चौथ अधिक पुण्यदायक है। इसी दिन गणेशजी की उत्पत्ति हुई थी। इसे तिल कुटी या वक्रतुंड चतुर्थी भी कहते हैं। 14 की रात से सूर्य संक्रांति, स्नान–दान 15 को मकर राशि की सूर्य संक्रांति शनिवार 14 जनवरी की रात 2 बजकर 53 मिनट से आएगी। इसका पुण्य काल, मकर संक्रांति




खिचड़ी का स्नान–दान एवं पर्व 15 जनवरी को मनाया जाएगा। पूरे दिन पर्व का मान रहेगा। दोपहर तीन बजे तक का समय स्नान दान के लिए विशेष पुण्य फलदायक होगा। गंगा या अन्य कोई पवित्र नदी, तीर्थ स्थल में सरोवर इत्यादि में स्नान करना श्रेष्ठ होगा। इस दिन खिचड़ी खाना, खिलाना और दान करना विशेष पुण्य देता है। मकर संक्रांति के दिन पंचांग, धार्मिक पुस्तकें, जूता–चप्पल, कंबल, शॉल व ऊनी वस्त्रों का दान करने की मान्यता है। 18 जनवरी को षटतिला एकादशी पर तिल से स्नान, तिल का दान और भोजन में इस्तेमाल करने की मान्यता है। 21 को मौनी और शनि अमावस्या साथ–साथ मौनी अमावस्या 21 जनवरी को होगी। इस दिन मौन रहते हुए स्नान–दान का महत्व है। प्रयागराज की त्रिवेणी में स्नान का विशेष पुण्य है। वाराणसी में भी गंगा स्नान का खास महत्व है। इसी दिन शनि अमावस्या है, जिन लोगों को शनि की साढ़े साती, शनि की ढैय्या या शनि की महादशा और अंतर्दशा के कारण कष्ट हो रहा हो, उन्हें शनि का जाप करना या करवाना या दान करना चाहिए। काले तिल के लड्डू, काली उरद की दाल, सरसों का तेल, छाता, सड़सी, चिमटा आदि का दान करना चाहिए। 26 को मनाई जाएगी वसंत पंचमी 26 जनवरी को वसंत पंचमी मनाई जाएगी। सिद्ध मुहूर्त के चलते यह कोई भी धार्मिक कार्य प्रारंभ करने का दिन है।

# यू पी महोत्सव में गीत–गजल संग ग्लैमर का तड़का – चौदहवीं सांस्कृतिक संध्या

पत्रकार मृत्युंजय प्रताप सिंह लखनऊ । प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के तत्वावधान में सेक्टर ओ पोस्टल ग्राउण्ड केन्द्रीय विद्यालय के सामने अलीगंज लखनऊ में चल रहे 15वें यूपी महोत्सव–2022 की चौदहवीं सांस्कृतिक संध्या में गीत–गजल संग ग्लैमर का तड़का लगा। 15वें यू पी महोत्सव की चौदहवीं सांस्कृतिक सन्ध्या का शुभारम्भ प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह और उपाध्यक्ष एन बी सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रदेश सरकार द्वारा प्रद्वत कोविड–19 के नियमों के तहत आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित यूपी महोत्सव की चौदहवीं सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ सिद्धि शुक्ला ने महकती हुई गजलों से किया। सिद्धि ने अपनी खनकती हुई आवाज में होश वालों को खबर क्या गजल को पेश किया तो श्रोता झूम उठे, इसी क्रम में अभय वर्मा ने सुमधुर आवाज में हंगामा क्यो है गजल को सुना कर श्रोताओं की असंख्य तालियां बटोरीं। इनके साथ ढोलक पर अभिषेक शर्मा और हारमोनियम पर अनुराग तिवारी ने सार्थक संगति दी। कार्यक्रम के आकर्षण का केन्द्र बिन्दु बन कर उभरा मीकू फाउंडेशन का ग्लैमर युक्त फैशन शो। रितिका गुप्ता की कोरियोग्राफी, इन्दु वध्या और कामिनी श्रीवास्तव की मुख सज्जा से लबरेज रहे फैशन शो में वैशाली बाबू, प्रियंका तिवारी और प्रतिभा सोनी ने रितिका गुप्ता शो स्टॉपर के साथ रैम्प पर कैटवाक कर अपने सौंदर्य का जलवा बिखेरा। मन को मोह लेने वाली इस प्रस्तुति के उपरान्त डॉ जया



श्रीवास्तव ने मेरे नसीब में तू है कि नही, अनीता सिंह ने तेरा साथ है तो, हरीश और जया ने मुझे तेरी मोहब्बत का, अभय और जया ने सावन का महीना, अद्विका श्रीवास्तव ने वैष्णव जन तो, हिमांशी ने आओ तुम्हें चांद पे ले जायें, अविजीत और जया ने तेरे लिए हम हैं जियें और अंकिता व अभय ने फूल तुम्हें भेजा है खत में जैसे दिलकश गीतों सुना कर श्रोताओं का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद सक्सेना और सम्पूर्ण शुक्ला ने किया। इसके पूर्व आज दिन में विराट कवि सम्मेलन आयोजित हुआ, इसमे सुनील शर्मा, जितेश राज, श्रद्धा शौर्य, प्रियंका शुक्ला, मोहित संगम, डॉ प्रतिभा सिंह, योगेन्द्र योगी, जयवर्धन अग्निहोत्री, प्रिंशू लोकेश, गौरव विवेक, क्रांती पांडेय, प्रिया श्रीवास्तव ने अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को आह्लादित किया। इसी क्रम में ड्रीम मैंगोज द्वारा कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में संजय सिंह गंगवार राज्य मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय सिंह राठौर, दीपिका चतुर्वेदी और प्रियंका सिंह ने समारोह को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर महेश मंगल, राज कुमार गुप्ता, डॉ सुनील त्रिपाठी, वेद प्रकाश, मोहित संगम सहित अन्य कवियों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया।

# पदोन्नति प्राप्त पुलिस अधिकारियों की पिंपिंग सेरेमनी का आयोजन सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पुलिस महानिदेशक देवेंद्र सिंह चौहान ने पुलिस मुख्यालय, गोमती नगर विस्तार में पदोन्नति प्राप्त करने वाले निम्न आई०पी०एस० अधिकारियों की पिपिंग सेरेमनी (च्पचचपदह ब्मतमउवदल) में पुलिस अधिकारियों को रैंक लगाया। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा पिपिंग सेरेमनी (च्पचचपदह ब्मतमउवदल) में भगवान स्वरूप पुलिस महानिरीक्षक अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ को अपर पुलिस महानिदेशक पद पर सुभाष चन्द्र दुबे पुलिस उपमहानिरीक्षक यातायात मुख्यालय को पुलिस महानिरीक्षक पद पर शिवासिम्पी चन्नप्पा, पुलिस उप आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ को पुलिस उपमहानिरीक्षक पद पर अनीस अहमद अन्सारी, पुलिस अधीक्षक पुलिस हेड क्वार्टर को



पुलिस उपमहानिरीक्षक पद पर एवं प्रीती यादव, सहायक पुलिस अधीक्षक को वरिष्ठ समयमान वेतनमान सहित पदोन्नति प्राप्त सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय में नियुक्त वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने वितरित किए कंबल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लखनऊ शाखा के द्वारा ठंड से बचाव हेतु 150 गरीबों को कंबल वितरण किये। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा लखनऊ के चेयरमैन ओम प्रकाश पाठक ने बताया कि उत्तर प्रदेश में इस समय भीषण शीतलहर चल रही है जिसके बचाव हेतु अहियागंज क्षेत्र में गरीबों को कंबल वितरण किये गये। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा लखनऊ के सचिव अमरनाथ मिश्र ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से अहियागंज क्षेत्र कार्य करने आए ट्राली वाले पल्लेदार झल्ली वालो को ठंड के बचाव हेतु आज दुर्गा मंदिर नादान महल रोड निकट सिद्धनाथ मंदिर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा 150 कंबल वितरित किए गए। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी से चेयरमैन ओपी पाठक सचिव अमरनाथ मिश्र कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता रूप कुमार शर्मा कार्तिका माथुर ऋतुराज



रस्तोगी, कुश मिश्रा समीर जैन प्रशांत गर्ग हर्षित गर्ग मनीष कुमार शुक्ला विमल गुप्ता वैभव जैन विभु आदि उपस्थित रहे।

# चार महिला वादियों को गालीगलौज और धमकी मामले की सुनवाई टली : अगली डेट 9 जनवरी

वाराणसी ब्यूरो : सीजेएम विजय विश्वकर्मा की अदालत में श्रृंगार गौरी वाद कि वादिनियों को गाली गलौज और धमकी देने के मामले में जितेंद्र सिंह विसेन समेत दो के खिलाफ दी गई अर्जी पर शनिवार को होने वाली सुनवाई एक अधिवक्ता के निधन के कारण फिर टल गई। अब इस मामले में 9 जनवरी को सुनवाई होगी। कोर्ट ने इस मामले में थाने से आख्या तलब कि है। बता दें कि दिसंबर माह में ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी प्रकरण की वादिनी महिलाएं रेखा पाठक, मंजू व्यास, लक्ष्मी देवी व सीता साहू ने कोर्ट में धारा 156 ( 3 ) के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। आरोप लगाया कि श्रृंगार गौरी प्रकरण की एक वादिनी राखी सिंह के पैरोकार जितेंद्र सिंह विसेन की ओर से मुख्यमंत्री को पॉवर ऑफ अटार्नी सौंपने और मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। सुनवाई के दौरान अदालत परिसर में पहुंचने पर कई बार



अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल भी किया गया । महिलाओं व उनके पैरोकारों को गाली–गलौज तक दी जाती है। यह भी आरोप लगाया गया कि नंदी महाराज बनाम उत्तर प्रदेश सरकार मुकदमे में वादमित्र सितेंद्र चौधरी से फर्जी तरीके से पॉवर ऑफ अटार्नी अपने हक में करा लिये हैं। वादी महिलाओं ने अदालत से आशंका जताई है कि इस प्रकरण में विसेन के खिलाफ यदि कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह दंगा भी करवा सकते हैं। यह भी आरोप लगाया कि प्रतिवादी के खिलाफ पुलिस को भी प्रार्थनापत्र दिया गया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई तब महिलाओं ने कोर्ट से मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई।

## यू०पी० आयुष यू0जी0 काउंसिलिंग–2022 के प्रथम चक्र की ऑनलाइन काउंसिलिंग की समय–सारणी जारी

जौनपुर सू.वि. : सदस्य सचिव, यू०पी० आयुष यू०जी० काउंसिलिंग बोर्ड एवं निदेशक हाम्योपैथ उत्तर प्रदेश, लखनऊ डा० अरविन्द कुमार वर्मा के पत्र के क्रम में अवगत कराया जाता है कि उत्तर प्रदेश राज्य के राजकीय/निजी क्षेत्र के आयुर्वेदिक, यूनानी एवं होम्योपैथी मेडिकल कालेजों/निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों/अल्पसंख्यक संस्थानों के यू०जी० पाठ्यक्रमों (बी०ए०एम०एस०, बी०यू०एम०एस० एवं बी०एच०एम०एस०) में प्रवेश हेतु प्रथम चक्र की ऑन–लाइन काउंसिलिंग की समय–सारणी निम्नवत हैः– ऑनलाइन पंजीकरण एवं धरोहर धनराशि जमा करने की तिथि 07 जनवरी 2023 (प्रातः 10.00 बजे) से 11 जनवरी 2023 (रात्रि 11.59 बजे तक, स्टेट मेरिट लिस्ट का प्रकाशन 14 जनवरी 2023 (सायं 05.00 बजे) तक, ऑनलाइन च्वाइस फिलिंग की तिथि 15 जनवरी 2023 से 16 जनवरी 2023 (रात्रि 11.59 बजे तक, सीट आवंटन सूची का प्रकाशन 17 जनवरी 2023 (सायं 05.00 बजे) तक, नोडल सेंटर पर मूल अभिलेखों के सत्यापन की तिथि 18 जनवरी 2023 (प्रातः 10.00 बजे) से 21 जनवरी 2023 तक, आवंटन पत्र डाउनलोड करने एवं आवंटित संस्था में प्रवेश की अंतिम तिथि 24 जनवरी 2023 (सायं 05.00 बजे) तक, अपग्रेडेशन हेतु सहमति भरने की अंतिम तिथि 24 जनवरी 2023 (रात्रि 11.59 बजे) तक, अपग्रेडेशन परिणाम घोषित करने की तिथि 25 जनवरी 2023 (अपराह्न 01.00 बजे) तक, अपग्रेडेड आंवटन पत्र डाउनलोड करने एवं आंवटित संस्था में प्रवेश प्राप्त करने की अंतिम तिथि 27 जनवरी 2023 (सायं 05.00 बजे) तक है। काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु अधिकृत वेबसाइट www.upayushcounseling.upsdc.gov.in पर दिये गये लिंक पर लागिन करें तथा अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें। यू०पी० आयुष यू0जी0 काउंसिलिंग 2022 के संबंध में अतिरिक्त जानकारी/सहायता वांछित हो तो ई–मेल आई०डी० upayushcounselling2022@gmail-com अथवा हेल्पलाईन नम्बर 7376520591 अथवा 7376524687 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## पूरे लक्ष्य इमानदारी के साथ शिक्षा प्राप्त करने से ही छात्रों को जीवन मे मिलती है सफलता –दिनेश चौधरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पूरे लक्ष्य इमानदारी के साथ शिक्षा प्राप्त करने से ही छात्रों को जीवन मे मिलती है सफलता उक्त बातें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में रसायन विज्ञान एवं औद्योगिक रसायन विज्ञान विभाग के स्नातकोत्तर छात्र समागम सम्मेलन कार्यक्रम मे कहा इस संस्थान में अपने छात्र जीवन के बारे में बताते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि छात्रों का जीवन कुम्हार की तरह होता है। विशिष्ट अतिथि संस्थान के प्रबंधक डॉ अजयेन्द्र कुमार दुबे ने कहा कि स्वागत की परंपरा पुरातन है श्रीराम एवं विभीषण की तरह स्वागत करना चाहिए ना कि रावण एवं हनुमान की तरह प्राचार्य मेजर डॉ रमेश मणि त्रिपाठी ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित कर छात्र एवं छात्राओं को साधुवाद एवं बधाई दिए उक्त कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ राघवेंद्र कुमार पांडे, डॉ अमरेश कुमार लेफ्टिनेंट डॉ चित्रसेन गुप्त ने छात्र अपने जीवन शैली को कैसे सरल बनाएं इस बिंदु पर प्रकाश डाला उपरोक्त अवसर पर स्नातकोत्तर के छात्र छात्राओं ने नाटक नृत्य भाषण कार्यक्रम की प्रस्तुति कर उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिए इस अवसर पर डॉ विनय कुमार पाठक देवेश सिंह शशिकांत यादव डॉ संजय यादव अमित श्रीवास्तव राहुल मिश्र रत्नाकर पाठक कृष्ण कुमार मिश्र मातिवार इंद्रेश समेत आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय का छात्र प्रिंस कुमार दुबे ने किया।

## यूजी पीजी की सेमेस्टर परीक्षा में छात्र उपस्थिति की गाइडलाइन जारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में 75 फीसदी से कम कक्षा में उपस्थित होने वाले छात्र परीक्षा नहीं दे सकेंगे । अब कक्षा मे छात्रो की उपस्थिति पर नजर रखी जाएगी। इस बारे में शासन ने विश्वविद्यालय को निर्देशित करते हुए संबद्ध कालेजों को कक्षा उपस्थित नियमों पर दिशा निर्देश दिए गए हैं। उपस्थित सत्यापन के लिए प्राचार्य के कंधों पर जिम्मेदारी रहेगी। पठन–पाठन व क्लास न करने वाले छात्रों को अब कक्षा से गायब रहना महंगा पड़ेगा । शासन ने यूजी पीजी सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए 75 फीसदी छात्रों की उपस्थिति तय कर दी है। जिसके सत्यापन के लिए प्राचार्य के कंधों पर जिम्मेदारी रहेगी और परीक्षा फार्म सत्यापन करते समय इस मानको का भी ध्यान कालेज के जिम्मेदार रखेंगे । इसके लिए प्रदेश के अपर मुख्य सचिव मोनिका एस गर्ग ने विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों को पत्र जारी करते हुए कहा है कि कक्षा संचालन पर भी नजर रखी जाएगी। स्नातक परास्नातक कक्षा में 75 फीसदी से कम उपस्थित होने वाले छात्र को परीक्षा में न शामिल होने दिया जाए और फौरी तौर पर कॉलेजों से छात्रों की उपस्थिति की जानकारी ली जाए और उनकी संख्या की जानकारी ली जाए । 75 फीसदि से कम उपस्थिति वाले छात्रों की परीक्षा में शामिल होने की अनुमति न दी जाए । इसके अलावा जो भी छात्र 75 फीसद अहर्ता के अनुसार कक्षा में पठन–पाठन उपस्थिति पाई जाती है। लेकिन किन्ही कारणों के चलते वह सेमेस्टर परीक्षा में शामिल नहीं हो पाता है। उसकी परीक्षा छूट जाती है। इस हालत में उसे अगले वर्ष परीक्षा में शामिल किया जाएगा, लेकिन उसके लिए कक्षा में उपस्थित होने की बाध्यता नहीं रहेगी। उसकी उपस्थिति पूर्व वर्ष या सेमेस्टर की ही उपयुक्त मानी जाएगी। क्रेडिट वेलिडेशन पॉइंट पूर्ण करने के लिए अलग परीक्षा होगी। उस पर यह उपस्थिति यानी 75 फीसद उपस्थित लागू रहेगी। तभी उन्हें क्रेडिट वेलिडेशन की परीक्षा में शामिल हो सकेगा। 75 फीसद कक्षा में उपस्थित छात्रों की अनिवार्य है लेकिन इसका सत्यापन मूल्यांकन करने के लिए कालेज के प्राचार्य व अन्य जिम्मेदारों के ऊपर निर्भर करेगा कि वहा छात्र कितना उपस्थित हो रहा है। इसके लिए उन्हें दिशा निर्देश दिया गया है। वही इसका सत्यापन और मूल्यांकन करेंगे।

## फंदे से लटकता मिला युवक का शव : परिजनों का कहना की आर्थिक तंगी के कारण किया आत्महत्या

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जलालपुर थाना क्षेत्र के हुंसेपुर गांव निवासी एक युवक ने गुरुवार की रात को फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह के समय परिवार वालों ने देखा कि युवक का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार विनोद कुमार पुत्र बसन्त लाल उम्र 24 वर्ष निवासी हुंसेपुर गुरुवार की रात को फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। मृतक के स्वजनों ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि विनोद कुमार गुरुवार की शाम तक ठीक था। लेकिन रात को वह एक अलग कमरे में चला गया। उस कमरे में विनोद ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिवार वाले शुक्रवार की सुबह उठे तो देखा कि विनोद का शव फंदे पर लटका हुआ है। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। जांच अधिकारी सदन प्रसाद ने बताया कि पुलिस टीम मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गई। घटनास्थल का भी जायजा लिया। मृतक के स्वजनों के बयान दर्ज किए हैं। बयानों में बताया हैं कि विनोद आर्थिक तंगी के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या की है। जिसके आधार पर पुलिस द्वारा इत्फाकिया कार्रवाई की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## शिव को जानना ही जीवन की सार्थकता है –अवधेश जी महराज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के शाश्वत उत्सव वाटिका में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं मानस मंथन कथा के पांचवें दिन अयोध्या से पधारे परम पूज्य श्री अवधेश जी महाराज और आनंद भूषण जी महाराज ने राम कथा में शिव पार्वती संवाद और राम जन्म का वर्णन किया।शिव ही शक्ति है,भगवान शिव को जाने बिना मनुष्य जीवन के भवसागर से पार नहीं पा सकता।शिव ही सबसे बड़े गृहस्थ है,शिव ही महायोगी है।बाबा को जाने बिना इस लोक को जानना असंभव है। उक्त बातें पूज्य अवधेश जी महराज ने श्री रामकथा महोत्सव कार्यक्रम के पांचवें दिन सास्वत वाटिका में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि भगवान शिव अवढरदानी है।उनकी उपासना करने से जल्द प्रसन्न होकर मनुष्य के जीवन को सार्थकता की ओर ले जाते है।इस कथा महोत्सव के पांचवें दिन पार्वती शिव संवाद और श्री राम जन्मोत्सव कथा काआयोजन किया गया। भगवान श्री रामचंद्र जी के जीवन के बारे में विस्तार से वर्णन किया तो वही माता सीता और भगवान श्री राम के विवाह का भी सचित्र वर्णन श्रद्धालुओं के समक्ष प्रस्तुत किया जिसको देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए। वही कथावाचक आनंद भूषण जी महाराज ने विस्तृत रूप से श्रीमद् भागवत कथा के बारे में विस्तार से बताया भगवान श्री कृष्ण ने रुक्मणी भगवान श्री कृष्ण की तमाम लीलाओं के बारे में विस्तार से बताया साथ ही भगवान श्री कृष्ण ने किस प्रकार कंस का पूतना का वध किया वसुदेव और देवकी जी ने किस प्रकार श्री कृष्ण जी का पालन पोषण किया भगवान श्री कृष्ण ने किस प्रकार लोगों का उद्धार किया इसके बारे में भी श्रद्धालुओं को विस्तार से बताया। लोक समक्ष सजीव चित्रण भी किया जिसको देखो दर्शकों उस युग में हुए भगवान श्री कृष्ण के तमाम लीलाओं का आनंद उठाया ।महराज जी के कर्णप्रीय गीतों से भक्तगण भावविभोर होकर झूम उठे।कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे है। वही कार्यक्रम संयोजक श्रीमती इंदिरा जयसवाल व गोपाल जयसवाल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही कार्यक्रम के मुख्य यजमान मुन्नीलाल सेठ व दिलीप सेठ ने लोगों से आग्रह किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे भगवान श्री राम की कथा और श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करें और अपने जीवन को सफल बनाएं। कथा में प्रमुख रूप से सहयोग करने वालों में हरिराम केसरवानी कृष्ण चंद गुप्ता रामचंद्र सेठ दीपक श्रीवास्तव पत्रकार राकेश श्रीवास्तव संजय साहनी बादल सिंह रामचंद्र सेठ मामा मुनीलाल सेठ आशीष श्रीवास्तव रिंकू ,सूरज सोनी आदि लोग प्रमुखरूप से सहयोग कर रहे हैं।

## सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय में नोटबन्दी की प्रासंगिकता को दी मान्यता

जौनपुर ब्यूरो : कल माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने नोट बंदी को अपने निर्णय में सही माना परंतु कांग्रेसी,कम्युनिस्ट आदि सूडोसेक्लुर्स कहेंगे कि प्रक्रिया को सर्वोच्च न्यायालय ने सही माना है न कि नोटबन्दी के निर्णय को और उसके लाभदायक होने को। ऐसे लोगों की सोच पर तरस आ रहा। क्योंकि नोटबन्दी के बाद कश्मीर में पत्थरबाजी की घटना 75: घट गयी, नक्सल हिंसा में 20: कमी आयी, आतंकी घटनाएं भी लगभग 50: कम हुई, नक्सल प्रभाव वाले 106 जनपदों में अब मात्र 46 जनपद रह गये आदि। इन्कमटैक्स में 18: की बढोत्तरी हुई। नवम्बर 2016 से मार्च 2017 तक 900 ग्रुप पर छापे पडे जिससे अनएकाउन्टेड 7961 करोड़ रुपया मिला। नकली नोट जो 7.26 लाख पीस थे वो 2 लाख पीस ही रह गये। प्रत्यक्ष कर लगभग 4 लाख करोड़ रुपये से बढकर 7 लाख करोड़ से अधिक हो गया । बैंकों से बिना गारंटी के मनमाना लोन बांटने व रिटर्न न दिये जाने के कारण बैंकों में रुपयों की भारी कमी हो गयी थी पर नोटबन्दी के कारण बैंकों में रुपये जमा होने लगे और जब बैंक में नोट जमा होने लगे तो उसपर इन्कमटैक्स आदि लगने लगा।जब सारे रुपये जिसमें कालाधन भी था बैंक में आने लगे तो सब नम्बर वन हो गया जिसपर सरकार ने टैक्स लगाया। डिजिटल ट्रान्जैक्सन में काफी बढोत्तरी हुई ।2013–14 में डिजिटल ट्रान्जैक्सन 127 करोड़ एक वर्ष में था वहीं अक्टूबर 2022 में उछलकर 730 करोड़ ट्रान्जैक्सन प्रतिमाह हो गया। डाइरेक्ट टैक्स में भी 26: वृद्धि हुई ।अभी दिसम्बर, 2022 में ळैज का कलेक्सन एक माह में 1.49 लाख करोड़ हो गया। नोटबन्दी पूरी तरह सफल रही और उसके सुखद परिणाम अभी मिलते रहेंगे। यह श्लोगन उचित लगता है कि मोदी हैं तो मुमकिन है।

## अलाव जलाने के नाम पर किया जा रहा खानापुर्ति : नगर वासियों में आक्रोश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले के नगर पंचायत कजगांव में अलाव जलाने के नाम पर सिर्फ किया जा रहा खानापुर्ति ,इस प्रकार की समस्या को लेकर नगर पंचायत के लोगों में भारी आक्रोश बना हुआ है बताते चलें कि इस समय पड़ रही भीषण शीतलहर के चलने से ठण्ड का प्रकोप जारी है। जहां जनमानस का हाल बेहाल है। वहीं नगर पंचायत द्वारा अलाव जलाने के लिए अजब–गजब की व्यवस्था की गयी है। लोगों ने बताया कि नगर पंचायत के द्वारा अलाव के लिए एक दिन लकड़ी जलाने के लिए गिराया जाता है तो फिर चार दिनों के बाद ही लकड़ी गिरायी जाती है वहाँ के लोगों ने बताया कि जहाँ अलाव जलाया जाता है वही बगल में एक होम्योपैथ चिकित्सालय भी है जहां पर प्रति–दिन लगभग सैकड़ों की संख्या में मरीज दवा के लिए आते जाते रहते हैं अलाव न जलने के कारण आस–पास के रहने वाले लोगों व मरीजों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है पिछले कई दिनों से चल रही शीतलहर में अलाव की व्यवस्था ठीक ढ़ग से ना होने से नगर पंचायत के लोग भी परेशान हैं।इस शीतलहर में शासन व प्रशासन द्वारा इस भीषण ठंड में अलाव जलाने के लिए फरमान जारी किया गया है। ठंडक के चलते गरीब राहगीरों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।वहीं क्षेत्रीय जनता अलाव नहीं जलाने से लोग ठिठुरते नजर आ रहे हैं।ऐसी दशा में लोगों का कहना है कि नगर पंचायत के द्वारा अलाव जलाने का दावा सिर्फ हवा–हवाई साबित हो रहा है इस प्रकार की समस्या को लेकर वहाँ आस–पास रहने वाले ताजुद्दीन अंसारी,डॉक्टर संजय कुमार सिंह,छोटू शाह,जावेद ,सोनू शाह,बन्डूले,सूरज कनौजिया,गयासुद्दीन सहित तमाम लोगों ने मौके पर विरोध भी किया!

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर गांव में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के लिए भेजा है। थाना लाइन के कद्दूपुर निवासी कृपाशंकर प्रजापती ने पुलिस को सूचना दी कि उक्त गांव में उसकी बहन बीनू की शादी लगभग 12 वर्ष पूर्व हुई,जिसका शव फांसी से लटक रहा है।उसका ससुराल वालो से दिवानी न्यायालय में विवाद चल रहा था जिसमे एक वर्ष पहले समझौता हुआ,फिर विदाई हुई।घटना की रात में बताते हैं कि पति राकेश कुमार प्रजापति से बीनू का झगड़ा हुआ था।फिर दोनो खा पीकर सोने चले गए।रात में जब राकेश जागा तो बीनू का शव पंखे से लटक रहा था।सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक का कहना है कि प्रथम दृष्टया विवाहिता की मौत फांसी लगाने से होना साबित हुआ है।शरीर पर चोट का निशान नहीं है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्यवाही की जायेगी।

## पर्यावरण एवं राष्ट्र गौरव परीक्षा की उत्तरकुंजी वेबसाइट पर अपलोड

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की बीए, बीएससी, बीकॉम बैक पेपर /श्रेणी सुधार परीक्षा 2022 की पर्यावरण, राष्ट्र गौरव की संपन्न हुई परीक्षा की उत्तर कुंजी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है । यदि किसी अभ्यर्थी को किसी प्रश्न के उत्तर पर आपत्ति हो तो 9 जनवरी 2023 तक संबंधित अभिलेखों/ साक्ष्यों की पठनीय प्रति की पीडीएफ के साथ अपनी आपत्ति परीक्षा नियंत्रक के मेल पर भेज सकते हैं। उपर्युक्त माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से भेजी गई आपत्ति एवं निर्धारित तिथि समय के उपरांत प्राप्त आपत्ति तथा संबंधित साक्ष्य संलग्न नहीं होने की दशा में प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

## स्वच्छता एक्शन प्लान के अंतर्गत स्लोगन लिख किया जागरूक

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) : नेहरू युवा केन्द्र, हरदोई के तत्वावधान में भरखनी क्षेत्र के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र की राष्ट्रीय युवा कोर स्वयं सेविका श्यामलता के नेतृत्व में स्वच्छता एक्शन प्लान के तहत नेहरू



युवा मंडल अध्यक्ष पाली प्रशान्त कुमार ने कस्बे के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, नगर पंचायत भवन, बैंकों, विद्यालयों, मंदिरों, मुख्य मार्गों, चौराहों, मोहल्लों की दीवारों पर स्वच्छता जागरूकता के प्रति स्लोगन लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया। ''स्लोगन में स्वच्छ नगर,, स्वच्छ देश। हो पहचान स्थान विशेष।'' ''स्वच्छता हमारा परम कर्तव्य।'' अपनाएं स्वच्छता अभियान। बनेगा भारत महान।'' आदि इस प्रकार के विभिन्न स्लोगन लिखकर जन– जन तक जागरूकता का संदेश पहुंचाया । इस अवसर पर स्वयं सेविका श्यामलता, युवा मण्डल के सदस्य शिवम, सौरभ, रंजीत, केशव, पुनीत आदि मौजूद रहे।

## समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा की मासिक बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाउपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल ने मासिक बैठक की अध्ययता करते हुए कहा जिलाप्रशासन कानूनी मामले में फेल है आये दिन जीस तरह जौनपुर मे हत्याये हो रही हैं उससें समाजवादी पार्टी चुपचाप नहीं बैठेगी कार्यकर्ता तैयार रहें जल्द ही जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ नेताओं से वार्ता करने के उपरांत जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक आवास घेरों न्याय पावों सप्ताह चलाया जाएगा कहा कि नगर का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है भाजपा सरकार से सभी वर्ग परेशान हैं सभी भाजपा सरकार से निजात पाना चाहते हैं जीस तरह व्यापारीं वर्ग आज परेशान हैं कभी भी ऐसा परेशान नहीं था भाजपा सरकार नगर के चुनाव में जीस तरह साजिश के तहत आरक्षण खत्म करना चा रही थी लेकिन समाजवादी पार्टी द्वारा इसका विरोध कर सुप्रीम कोर्ट से न्याय की गुहार लगायी और सुप्रीम कोर्ट में समाजवादी पार्टी ने भाजपा द्वारा अनैतिक तरिके आरक्षण को प्रस्तुत किया गया था जिससे पिछडो का हक मारा जा रहा अनेक तथ्य को पेश किया जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के निर्णय पर रोक लगा दिया एक बार फिर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय




अध्यक्ष अखिलेश यादव ने साबित किया की पिछडों की हितैषी सिर्फ समाजवादी पार्टी ही है इसलिए आपका सबसे महत्वपूर्ण भूमिका ये है कि अपने वोटरलिस्ट को बखूबी चेक कर लिजिए जो भी कमीया है सब को सुधार कर चुनाव के रण क्षेत्र में तैयार रहें बैठक मे मुख्य रूप से प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी,रुक्सार अहमद, श्रवण जयसवाल,दीपचंद राम,पूनम मौर्या, राजेश यादव,राजकुमार बिन्द,अनवारुल गुड्डू, गप्पू मौर्या,जंगबहादुर यादव, शाजिद अलीम,इरशाद मंसूरी,निजामुद्दीन अंसारी, कमालुद्दीन अंसारी,मनोज मौर्या, आंनद मिश्रा, विजय सिंह बागी,मेवालाल गौतम, श्याम नरायन बिन्द,संजीव साहू,आलोक यादव,धर्मेंद्र सोनकर, विक्की यादव सोनी यादव, रज्जू, उपस्थित रहे।

## खाली जेब से कैसे चलाएं भरा–पूरा परिवार : राशन दूध विक्रेता मांग रहे रुपये : दवा भी नहीं ले पा रहे

अलीगढ़ ब्यूरो : एएमयू के अस्थायी कर्मचारियों को दिसंबर की तनख्वाह न मिलने से, हर कर्मचारी इंतजामिया से यही कहते नजर आ रहे हैं कि राशन, दूध विक्रेता रुपये मांग रहे हैं, मरीज के लिए दवा भी नहीं ले पा रहे हैं, बच्चों की फीस भी जमा नहीं हो पा रही। खाली जेब से कैसे भरा–पूरा परिवार चलाएं। खाली जेब से कैसे चलाएं भरा–पूरा परिवार दिसंबर महीने की तनख्वाह न मिलने पर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अस्थायी कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा है। जुमे की नमाज के बाद शिक्षा विभाग के मैदान में कर्मचारी एकजुट होकर अपने हक की आवाज बुलंद की। कर्मचारियों का कहना है कि सेवा विस्तार के बाद उम्मीद बंधी थी कि जल्द ही उन्हें तनख्वाह मिल जाएगी, लेकिन उम्मीदें कानून की पेचीदियों में उलझकर रह गई हैं। अब खाली जेब से भरा–पूरा परिवार चलाना चुनौती बन गई है। कर्मचारियों ने कहा कि उन्होंने आधी से ज्यादा उम्र इस इदारे की खिदमत करने में गुजार दी, लेकिन पिछले कई दिनों से नौकरी और तनख्वाह को लेकर जो उधेड़बुन चल रहा है, वह किसी खौफनाक मंजर से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि मजलूमों की आह से ऊंचे ओहदों पर विराजमान बच नहीं पाएंगे। कर्मचारियों के परिवार में गम का माहौल है। उन्होंने 1559 अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी करने और दिसंबर महीने की तनख्वाह खाते में भेजने की मांग की है। इन कर्मचारियों को देने के लिए करीब पांच करोड़ रुपये की तनख्वाह बन रही है। देर शाम कर्मचारियों का समूह वीसी लॉज पहुंचा, जहां उन्होंने 'आवाज दो, हम एक हैं' के नारे लगाए गए। इससे पहले अस्थायी कर्मचारियों ने अपने सेवा विस्तार के लिए 30 व 31 दिसंबर को जबरदस्त प्रदर्शन किया था। उसके बाद उनका सेवा विस्तार छह महीने के लिए कर दिया गया था, जो पहले एक साल का होता था। अब तनख्वाह का



मसला फंसा है। राशन, दूध विक्रेता मांग रहे रुपये, दवा भी नहीं ले पा रहे हैं दिसंबर महीने की तनख्वाह अस्थायी कर्मचारियों की क्या रुक गई, मानो उनकी जिंदगी थम सी गई। राशन, दूध विक्रेता अब रुपये के लिए तकादा करने लगे हैं। घर में बीमार परिजनों के लिए रुपये के अभाव में दवा भी नहीं ला पा रहे हैं। बच्चों की फीस के लिए स्कूल वाले बार–बार रिमाइंडर भेज रहे हैं। यह कर्मचारी खुद भी नहीं समझ पा रहे हैं कि उनके साथ क्या हो रहा है। एक तरफ तनख्वाह की चिंता तो दूसरी तरफ घर, परिवार की। कर्मचारियों ने बताया कि ईएमआई भी बाउंस हो रही है। बताते हैं कि करीब 80 फीसदी कर्मचारियों ने अलग–अलग तरीके से ब्याज और बैंक से ऋण ले रखे हैं। अस्थायी कर्मचारियों के साथ मेरी और यूनिवर्सिटी इंतजामिया की पूरी हमदर्दी है। तनख्वाह के लिए कोशिश की जा रही है। कोई दो–चार लाख का मसला तो है नहीं, जो इंतजाम करके दे दिया जाए, बल्कि जब सरकार, यूजीसी और कोई फंडिंग एजेंसी धनराशि भेजेगी, तभी उन्हें तनख्वाह मिलेगी। बहरहाल, कुलपति भी पूरी कोशिश कर रहे हैं कि जल्द ही कर्मचारियों के चेहरे पर मुस्कान लौट आए।

## वाराणसी में पर्यटको को आकर्सित करनें की योजना शुरु

वाराणसी ब्यूरो : गंगा पार बस रही टेंट सिटी में पर्यटकों की सुख सुविधाओं के हर इंतजाम किए जा रहे हैं। धर्म अध्यात्म से जुड़ने के साथ ही पर्यटकों को यहां मनोरंजन के हर साधन भी उपलब्ध होंगे। टेंट सिटी के क्लब हाउस, स्पा और मेडिटेशन सेंटर में पर्यटक सुखद समय बीता सकेंगे। इसके अलावा लाइब्रेरी और आर्ट गैलरी भी उनके लिए खास होगी। अस्सी घाट के सामने 600 टेंट की सिटी को तीन कलक्टर में विकसित किया जा रहा है। 10 हेक्टेयर में क्षेत्रफल में शहरी सुविधाओं के साथ ही सैलानियों के लिए क्लब हाउस बनाया गया है। यहां अलग अलग इंडोर गेम की सुविधा होगी। बैंडमिंटन और फुटबाल कोर्ट को खास डिजाइन से तैयार किया गया है। बच्चों के मनोरंजन का ध्यान रखते हुए ऊंट और घोड़े की सवारी का भी इंतजाम किया गया है। टेंट सिटी में सैलानियों के लिए स्पा सेंटर भी बनाया गया है और असोम के एक्सपर्ट यहां मौजूद रहेंगे। टेंट सिटी में चार अलग अलग स्पा सेंटर में कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। सैलानियों को ध्यान और योग से जोड़ने के लिए मेडिटेशन सेंटर भी होगा। इसके अलावा रिसेप्शन एरिया, गेमिंग जोन, रेस्टोरेंट, डायनिंग एरिया, कांफ्रेंस हॉल, लाइब्रेरी और आर्ट गैलरी आदि की व्यवस्था की गई है। यहां चलने वाले रेस्टोरेंट का लाभ टेंट सिटी में ठहरने वाले सैलानी उठा सकेंगे। रेस्टोरेंट से वो अपने कॉटेज में भी भोजन ऑर्डर देकर मंगा सकेंगे। टेंट सिटी परियोजना को विकास प्राधिकरण की ओर से सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। इसमें करीब छह करोड़ रुपये की धनराशि से पेयजल, सीवर, बिजली सड़क सहित अन्य जन सुविधाओं को विकसित किया गया है। टेंट सिटी बसाने वाली कंपनी प्रवेग कम्यूनिकेशन 400 और लल्लू जी एंड संस 136 टेंट तैयार कर रहे हैं। रामनगर से भी जा सकेंगे टेंट सिटी टेंट सिटी तक पहुंचने के लिए नमो घाट के अलावा रामनगर की ओर से सड़क भी तैयार की गई है। सैलानी रामनगर की तरफ से सड़क मार्ग से भी तंबुओं के शहर में पहुंच सकेंगे। टेंट सिटी के हर चौराहों पर मोक्ष का संदेश टेंट सिटी में पर्यटकों को अलग अनुभूति का एहसास कराया जा सके इसके लिए यहां के नौ चौराहों को भी खास डिजाइन से तैयार किया जा रही है। हर चौराहों पर पर्यटकों को मोक्ष का संदेश मिलेगा। चौराहों पर ध्यान की अलग अलग मुद्राओं की प्रतिमा जीवन से मृत्यु के सफर के साथ ही पर्यटकों को शांति का संदेश देंगी।

## रोडवेज के संविदा चालकों–परिचालकों का 10 फीसदी बढ़ा वेतन : 25 हजार कर्मियों को होगा फायदा

लखनऊ ब्यूरो : रोडवेज के संविदा चालकों व परिचालकों के लिए खुशखबरी है। उनका वेतन दस फीसदी बढ़ा दिया गया है। इससे उनकी मासिक आय में पांच हजार तक की वृद्धि हो जाएगी। प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। वेतन वृद्धि पहली जनवरी से लागू होगी। इससे प्रदेशभर के 25 हजार संविदा चालक–परिचालक लाभान्वित होंगे। रोडवेज कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रवक्ता रजनीश मिश्र ने बताया कि नवंबर 2021 में वेतन वृद्धि हुई थी। वर्तमान में संविदा कर्मियों को 1.59 रुपये प्रति किमी. की दर से वेतन मिल रहा है। इसे अब बढ़ाकर 1.75 रुपये प्रति किमी. कर दिया गया है। उधर, रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष चंद्रशेखर व महामंत्री गिरीश चंद्र मिश्र ने एमडी से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा कर्मचारियों से जुड़े दूसरे मुद्दे उठाए।

# अपने पिता का नाम रोशन कर रहे है जिले के चिकित्सक व समाजसेवी डाक्टर अरविंद खरे

अयोध्या(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) संसार में लोग चिकित्सक को भगवान का दूसरा रूप मानते हैं।वही वर्तमान समय में कुछ चिकित्सक इसे अपना व्यवसाय बना लिए हैं और कुछ ऐसे चिकित्सक जो चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य करते हुए समाज में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।उसी चिकित्सक में शहर के जाने–माने चिकित्सक व समाजसेवी डॉ अरविंद खरे का भी नाम आता है। शांत मृदुल व समाजसेवी डाक्टर अरविंद खरे न केवल गंभीर व साधारण रोग से ग्रसित मरीजों का इलाज कर उसे स्वस्थ करने का काम किया है बल्कि वे बीच–बीच में समाज के लिए भी चिकित्सा जगत से हटकर भी कुछ ना कुछ सराहनीय कार्य करते हैं।मालूम हो कि डॉ अरविंद खरे का जन्म अयोध्या जनपद के दिल्ली दरवाजा स्थित एक संभ्रांत परिवार में प्रतिष्ठित वकील अमरनाथ खरे के यहां हुआ था।इनकी माता स्वर्गीय लक्ष्मी खरे अमानीगंज स्थित साहबदीन सीताराम बालिका विद्यालय में सहायक अध्यापिका के रूप में कार्यरत थी।कहा जाता है कि जब किसी बालक के सिर से पिता का छाया हट जाता है तब वह बालक इधर उधर भटकने लगता है।लेकिन ऐसा डॉ अरविंद खरे के साथ नहीं हुआ।एक मुलाकात में डॉ अरविंद खरे बताते हैं कि जब उनके माता–पिता और बहन एक टेबल पर खाना खाने बैठते तो उनकी पिता की एक ही इच्छा रहती थी कि हमारे खानदान में भी हमारा बेटा एक प्रसिद्ध चिकित्सक के रूप में मेरा नाम रोशन करें।भाग्य को कुछ और ही मंजूर था के डॉ अरविंद खरे के पिता स्वर्गीय अमर नाथ खरे की मृत्यु महज इकतालीस वर्ष के समय हो गई उस समय हो गई जब वे महज तेरह वर्ष के, उनके बड़े भाई चौदह वर्ष तथा उनकी बहन की उम्र महज आठ वर्ष थी। मालूम हो कि अरविंद खरे के अलावा एक भाई और एक बहन है। जिनमें इनके बड़े भाई की मौत हो चुकी है। डाक्टर अरविंद खरे की बहन का नाम ममता खरे है। उनकी मां ने उन्हें माता पिता दोनों का प्यार दिया। उन्होंने चिकित्सा की पढ़ाई पूरी करके 1988 में अपने पिता के नाम से अमर हास्पिटल की स्थापना की।जिनकी गिनती आज जिले के सर्वोत्तम अस्पताल में की जाती है। सन् 1988 में डॉ अरविंद खरे का विवाह बहराइच की श्रीमती साधना खरे के साथ संपन्न हुआ। मालूम हो कि साधना खरे की पिता शिक्षा क्षेत्र में कार्य थे। साधना खरे विवाह उपरांत डॉ अरविंद खरे की भावनाओं को समझा और आज तक वह उनके साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए उनका साथ देती चली आ रही हैं।जिसका नतीजा यह है वर्तमान समय में डॉ अरविंद खरे की पुत्री डॉक्टर



आरुषि खरे एमबीबीएस की परीक्षा पास चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। वही उनके पुत्र के मन में भी एक संकल्प है कि वह भी अपने पिता की तरह से एक योग चिकित्सक बनकर अपने पिता व बाबा के सपनों को साकार करेंगे। अरविंद खरे का मूल सिद्धांत धन उपार्जन ना होकर गरीब दुखिया लोगों की चिकित्सा सेवा करना है सभाओं से दयालु दिखने वाले डॉक्टर अरविंद खरे तमाम गरीब व मलिन बस्तियों में जाकर पराया निशुल्क चिकित्सा सेवा भी बीच–बीच में करते रहते हैं उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका उसमें न भाई जबकि कोरोना काल के समय डॉ अरविंद खरे ने अपने ज्ञान से निशुल्क लोगों को शरीर के रोग प्रतिरोध प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु दवाओं का वितरण किया। उन्होंने तत्कालीन जिला अधिकारी अनुज कुमार झा एसपी सिटी विजय पाल सिंह सहित अन्य अधिकारियों व लोगों को स्वनिर्मित काढ़ा बनाकर दिए।कोरोना बंद के समय घर पर बैठे दूर–दराज तक के मरीजों को ऑनलाइन ही फ्री में परामर्श देते रहे अपने पैड पर लिख कर फ्री ऑक्सीजन की व्यवस्था निस्वार्थ भावना से करा कर बहुत ही सराहनीय कार्य कोरोनावायरस ने किया इस सब कारणों से अयोध्या अमानीगंज स्थित अमर हॉस्पिटल वर्तमान समय में अपनी प्रतिष्ठा के लिए विख्यात है जहां डॉ अरविंद खरे जी का रोग निदान नया दयालुता एवं विनम्रता यह सिद्ध करती है कि डॉ अरविंद खरे जी वास्तव में चिकित्सा के साथ–साथ समाज का सेवा भी कर रहे हैं समाज चिकित्सा भगवान का दूसरा रूप है यह कहना डॉ अरविंद खरे के लिए वक्त नहीं होगी वही इसी कड़ी में समाज में भी किस स्थान से उठकर आज जिस पायदान पर डॉ अरविंद खड़े खड़े हैं वास्तव में एक मिसाल है उन्होंने उन सभी चिकित्सकों के लिए एक मिसाल बने हुए हैं कि सभी चिकित्सकों को सिर्फ चिकित्सा जगत को एक व्यवसाय ना बनाकर समाज के रूप में भी कार्य करना चाहिए क्योंकि चिकित्सक भगवान ही नहीं बल्कि चिकित्सा एक ऐसा पैसा होता है जहां पर सभी वर्ग के लोग बीमारी से ग्रसित होकर आते हैं तो उसे व्यवसाय ना बनाकर सेवा के रूप में भी कार्य करना चाहिए।

# ऐसी कार्ययोजना पर सरकार अमल करें कि गंदा पानी गंगा–यमुना में न जाए : हाईकोर्ट

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट में राज्य सरकार से कहा है कि अगले महाकुंभ से पहले ऐसी कार्ययोजना पर अमल करे, जिससे मेला क्षेत्र व शहर का गंदा पानी सीधे गंगा–यमुना में न जाने पाए। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति अजित कुमार की पूर्ण पीठ ने गंगा प्रदूषण को लेकर कायम जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र ने सुनवाई के दौरान कोर्ट में स्पष्टीकरण दिया कि राज्य सरकार आगामी महाकुंभ को देखते हुए मेगा योजना तैयार करने पर विचार कर रही है। वह शीघ्र ही अधिवक्ताओं व अधिकारियों के साथ बैठकर इस दिशा में विचार करेंगे। कानपुर, उन्नाव के चर्म उद्योगों का पानी मेले के दौरान गंगा में न जाने पाए, इसके लिए प्रयागराज के जिलाधिकारी कानपुर के अधिकारियों से बात कर रहे हैं। कोर्ट ने जानना चाहा कि क्या मेला क्षेत्र में अस्थाई सीवर ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जा सकता है, जिससे कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं से होने वाली गंदगी गंगा में न जा सके। मेला प्राधिकरण से इस पर कोर्ट ने हलफनामा मांगा है। कोर्ट ने मेले के दौरान कानपुर व प्रयागराज के बीच गंगा प्रवाह व जल की गुणवत्ता की नियमित जांच करने के भी निर्देश दिए। पूछा कि प्रयागराज की पूरी सीवर लाइन को कितने समय में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ दिया जाएगा। न्याय मित्र अरुण गुप्ता का कहना था कि 40 फीसदी मकानों से सीवर लाइन अभी जोड़ी नहीं गई हैं। कोर्ट ने पॉलिथिन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध की निगरानी करने के निर्देश दिए और कहा कि कोर्ट का काम प्रशासन चलाना नहीं है। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट शहर की आबादी और उत्सर्जन को ध्यान में रख कर तैयार किया जाएं। प्लांट के ओवर फ्लो होने की जानकारी मिलने पर कोर्ट ने यह आदेश दिया। 16 साल से चल रही सुनवाई, लेकिन गंगा पर कोई फर्क नहीं पड़ा कोर्ट ने बॉयोरेमिडियल सिस्टम से नालों के शोधन की पूरी प्रक्रिया का



पालन न करने को धोखा बताया। कहा कि गंगा, यमुना में नालों का गंदा पानी नहीं जाना चाहिए । 16 साल से याचिका की सुनवाई हो रही है, केंद्र, राज्य सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च किए, लेकिन गंगा प्रदूषण पर कोई फर्क नहीं दिखाई देता। याचिका पर अगली सुनवाई 19 जनवरी को फिर होगी। अधिवक्ता विजय चंद्र श्रीवास्तव व सुनीता शर्मा ने कहा कि गंगा में जा रहे गंदे नाले की जांच शोधन से पहले और शोधन के बाद कराई जाए। कहा, शोधित पानी जहरीला है, खेतों में सिंचाई लायक नहीं। ऐसा पानी गंगा में मिलने से नहाने लायक भी नहीं है। गंगा जल तो आचमन योग्य भी नहीं मुख्य स्थायी अधिवक्ता राजेश्वर तिवारी ने महाधिवक्ता के साथ आदेश की अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की। कोर्ट ने कहा कि स्नान पर्व शुरू हो गया है। गंगा जल तो पीने और आचमन योग्य नहीं है। एसटीपी ओवरफ्लो है और उससे गंदा पानी सीधे गंगा में जा रहा है। महाधिवक्ता ने बताया कि प्रयागराज में 76 नाले है । 16 नालों का शोधन एसटीपी में हो रहा है। वह भी ओवर फ्लो हैं। शेष नालों को टैप किया गया है। शासन युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। कुंभ से पहले काफी कुछ किया जाना है। फाफामऊ, झूंसी और नैनी में तीन एसटीपी बना दी गई है। याची अधिवक्ता शैलेश सिंह ने कहा कि कोर्ट ने चार हजार क्यूसेक पानी मेला के विशेष स्नान पर्वों पर छोड़ने के लिए आदेश पारित किया है। अधिकारी इसी इंतजार में हैं कि पानी बढ़ जाएगा तो गंगा साफ दिखने लगेंगी। महाधिवक्ता ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में डीएम और नगर आयुक्त दोनों से वार्ता की है। पानी की नियमित जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई है, जो गंगा जल की गुणवत्ता की निगरानी करेगी। कोर्ट ने अवैध निर्माण व अतिक्रमण हटाने पर बल दिया और कहा कि अभियान जारी रखा जाए। साठ फीसदी मकान ही सीवर लाइन से जोड़े गए न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता ने पूछा कि 10 साल पहले जो सीवर लाइन बिछाई गई है, उससे कितने घरों को जोड़ा गया है। इस पर न्यायमित्र अरुण गुप्ता ने कहा कि केवल साठ फीसदी मकान ही सीवर लाइन से जोड़े जा सके हैं। 40 फीसदी अभी बाकी हैं। बताया गया कि मोरी नाले और चाचर नाले का पानी गंगा और यमुना दोनों में बिना शोधित हुए गिर रहा है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह बड़ा घोटाला है और बहुत ही गंभीर मामला है। न्यायमित्र ने कहा कि सेटेलाइट इमेज ली गई थी। इलाहाबाद में कुल 86 छोटे–बड़े नाले होने की रिपोर्ट सामने आई थी। न्याय मित्र ने सुझाव दिया कि गंगा जल की शुद्धता की जांच उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से कराए जाने की जरूरत है। मेले तक इसकी प्रतिदिन रिपोर्ट तैयार की जाए। महाधिवक्ता ने कहा कि प्रदेश की आबादी घनी है। उत्तराखंड में लोग साबुन लगा कर नहाते, कपड़े धोते हैं। कोर्ट ने कहा, अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

# स्तंभों में 6400 मूर्तियां बनेंगी : कांस्य पर उकेरे जाएंगे परकोटे में बनने वाले प्रसंग

अयोध्या ब्यूरो : राममंदिर के परकोटे में पत्थरों पर धार्मिक थीम नहीं उकेरी जाएगी बल्कि कांस्य पर धार्मिक चित्रण कर इसे परकोटे में ही सजाने की योजना बन रही है। यह सुझाव यहां हुई ट्रस्ट व समिति की बैठक में हुआ है। इस बार एक दिन ट्रस्ट व एक दिन मंदिर निर्माण समिति की बैठक हुई, जबकि हर बार समिति की बैठक दो दिन होती थी। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि राममंदिर का परकोटा 800 मीटर लंबा व 14 फीट चौड़ा होगा। परकोटा चारों दिशाओं में आयताकार होगा। बताया कि राममंदिर के स्तंभों, लोअर प्लिंथ समेत परकोटे में रामायण आधारित व धार्मिक थीम उकेरी जाएगी। स्तंभों में जहां 6400 मूर्तियां बनेंगी वहीं लोअर प्लिंथ में भी 100 प्रसंग उकेरे जाएंगे। इसके अलावा परकोटे में 150 धार्मिक चित्र बनाने की योजना है। चंपत राय ने बताया कि पहले तय हुआ था कि परकोटे पर जो चित्र बनेंगे उसे पत्थरों पर बनाया जाएगा। अब सुझाव आया है कि ये चित्र तांबे पर बनाए जाएं। इसके लिए इंजीनियरों की एक समिति बनी है, जो कांस्य पर बनी मूर्तियों की लाइफ, भव्यता आदि पर मंथन करने में जुटी हुई है। उसकी रिपोर्ट के आधार पर काम को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि परकोटे में छह मंदिर भगवान सूर्य, माता सीता, गणपति, शंकर, हनुमान के बनाएं जाएंगे। सीता रसोई में मां अन्नपूर्णा का मंदिर बनेगा इस पर लगभग सबकी स्वीकृति हो गयी है। इसके अलावा परकोटे के बाहर महर्षि वाल्मीकि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य, निषादराज, शबरी, अहिल्या और जटायु की मूर्ति लगाई जाएगी, ये भी फाइनल है। एक नया सुझाव आया है कि सुग्रीव भगवान राम के सखा थे। ऐसे में परिसर में उन्हें भी कहीं स्थान दिया जाए, वास्तुकारों से इसको लेकर तालमेल बैठाने को कहा गया है। ट्रस्ट की नियमावली फाइनल, बनेंगी उपसमितियां ट्रस्ट के महासचिव



चंपत राय ने बताया कि एक अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2021 का आयकर रिर्टन 2021 में जमा किया गया था। 24 दिसंबर को असेसमेंट का आर्डर आ गया है। हमारे सभी आय–व्यय आयकर विभाग ने स्वीकार कर लिए हैं। सबको सही पाया गया है। ट्रस्ट की नियमावली पर पिछले एक वर्ष से पांच छह चक्रों में विचार–विमशर्ज हुआ है। उसको अंतिम स्वरूप दिया गया। गत दिवस ट्रस्ट की बैठक में इसे स्वीकार कर लिया गया है। अलग–अलग उपसमितियां बनेंगी, जो काम करेंगी। अलग से बनेगा रामलला का धनुष, तीर व मुकुट राममंदिर ट्रस्ट व निर्माण समिति की दो दिन तक हुई बैठक में इस बार राममंदिर की अचल मूर्ति को लेकर विस्तृत मंथन हुआ है। अचल मूर्ति 8.5 फीट ऊंची खड़ी मुद्रा में बनाने का विचार चल रहा है। मूर्ति में रामलला का धनुष, तीर व मुकुट अलग से बनाकर लगाया जाएगा। दो दिनी बैठक का निष्कर्ष साझा करते हुए श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि रामलला की अचल मूर्ति में बाल सुलभ कोमलता झलकनी चाहिए, इस पर सहमति बनी है। बालक होने के बाद भी धनुष रामलला की पहचान है। निर्णय हुआ है कि धनुष, तीर व मुकुट अलग से बनाया जाएगा। बैठक में मूर्ति की नक्काशी अयोध्या में ही हो, इसकी चर्चा हुई। हालांकि बैठक में शामिल मूर्तिकारों का मत था कि जहां उनकी वर्कशॉप है, वहीं मूर्ति बनाई जाए। यह भी तय हुआ कि एक ही प्रकार की मूर्ति को चार–पांच लोग बनाएं, चित्र एक होगा। कई लोग भगवान के गुणों को ध्यान में रखते हुए चित्र बनाएं। जो चित्र बनेगा वह पहले मिट्टी का, फिर फाइबर की प्रतिमा होगी। फाइबर के बाद पत्थर की मूर्ति बनेगी। यही मूर्ति बनाने की पद्धति है। बताया कि बैठक में पुणे, कर्नाटक, उड़ीसा, मुंबई से चित्रकार आए थे। रामलला की अचल मूर्ति धातु या पत्थर में बनेगी यह मूर्ति का चित्र फाइनल होने पर तय किया जाएगा।

# होटल की पांचवीं मंजिल पर हो रही थी एलपीजी की अवैध सप्लाई : नोजल में विस्फोट के बाद लगी आग : 10 घायल

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ में एलपीजी सिलेंडर से अवैध तरीके से पांचवें माले पर की गई सप्लाई से बाराबिरवा इलाके में स्थित इंपीरियो ग्रांड होटल के किचन में शुक्रवार शाम तेज धमाका हो गया। नोजल में हुआ धमाका इतना जबरदस्त था कि 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बिल्डिंग का कांच सड़क पर गिरने से चार गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। धमाके के बाद होटल में आग लग गई। गनीमत रही कि आग विकराल रूप नहीं ले सकी। दमकल के पहुंचने से पहले आग बुझा ली गई थी। प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर विक्रम सिंह के मुताबिक होटल में शुक्रवार शाम करीब साढ़े चार बजे किचन में गैस का नोजल फट गया। इससे किसी का सिर फट गया तो किसी का चेहरा झुलस गया। हादसे में नीतू, शिवांगी, पवन, हिमांशु, रौनक, ओम प्रकाश, राजकमल, शुभम, रोहन व इस्लामुद्दीन घायल हुए हैं। सभी को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। पुलिस ने बताया कि होटल मालिक हमीरपुर निवासी शिवम गुप्ता हैं, उनसे संपर्क किया गया है। उनके पिता उच्चाधिकारी हैं। उनकी गैर मौजूदगी में होटल मैनेजर अभिषेक सिंह कामकाज देखते हैं। धमाके से होटल के कमरों में मौजूद स्टाफ में भगदड़ मच गई। किचन में लगा कांच पांचवीं मंजिल से सड़क पर आ गिरा। बिल्डिंग के पिछले हिस्से में लगे सभी कांच व टाइल्स भी टूट गईं। सड़क पर खड़ी पांच गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। पुलिस के मुताबिक होटल में कुल 20 कमरे हैं, उनमें से तीन ही बुक थे। हालांकि हादसे के वक्त होटल के किसी कमरे में लोग मौजूद नहीं थे। जो घायल हुए हैं, उनमें गैस पाइपलाइन सही करने वाले व अन्य कर्मचारी हैं। होटल




में धमाके से हाई वोल्टेज लाइन का तार टूट कर जमीन पर गिर गया, जिसकी जानकारी होने पर विद्युत विभाग ने सप्लाई बंद करवाई। फायर एग्जिट का इंतजाम नहीं होटल में आग से बचाव के उपकरण सिर्फ शोपीस हैं, क्योंकि पाइप में पानी की सप्लाई का कोई कनेक्शन ही नहीं था। हालांकि वहां मौजूद अग्निशमन उपकरण की मदद से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। होटल में ऊपरी तल तक जाने के लिए मेन गेट से होते हुए जाना पड़ता है। उसकी एक एंट्री और थी, उसको होटल प्रशासन की तरफ से बंद रखा गया था। ऐसे में हादसा अगर बड़ा होता तो स्थिति भयावह हो सकती थी। वहीं फायर एग्जिट वाले रास्ते पर बालकनी बना रखी है। ऐसी स्थिति में आदमी सिर्फ फांद सकता है। दमकल विभाग की तरफ से नोटिस देकर की जाएगी जांच सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि होटल की लिस्ट चेक की जाएगी कि जिन होटलों को नोटिस दिए गए थे, उनमें यह होटल शामिल है या नहीं। अगर नहीं है तो होटल को नोटिस दिया जाएगा। इसकी जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 28 स्विस मेहमानों के साथ कल बनारस पहुंचेगा सबसे लंबा लग्जरी रिवर क्रूज : आज गाजीपुर में विश्राम

वाराणसी ब्यूरो : दुनिया के सबसे लंबे जलमार्ग पर सफर कर रहा गंगा विलास क्रूज शनिवार को गाजीपुर की सीमा में प्रवेश कर गया। यहां से रविवार को यह क्रूज वाराणसी पहुंचेगा जहां भव्य स्वागत होगा। क्रूज पर 28 पर्यटक सवार हैं। गाजीपुर में आज रात्रि विश्राम करेंगे। डिब्रूगढ़ के लिए क्रूज की यात्रा 13 जनवरी को शुरू होगी। जल परिवहन की सबसे लंबी और रोमांचकारी रिवर क्रूज यात्रा को पीएम मोदी हरी झंडी दिखाएंगे। इस मौके पर खुद सीएम योगी वाराणसी में मौजूद रहेंगे। गंगा विलास क्रूज की रफ्तार कोहरे ने धीमी कर दी है। इस क्रूज को छह जनवरी को वाराणसी पहुंचना था, मगर दृश्यता कम होने के चलते कोलकाता से रवाना हुआ जलयान कल वाराणसी पहुंचेगा। रविदास घाट पर मेहमानों का भव्य स्वागत किया जाएगा। नदी पर तैरता फाइव स्टार होटल है गंगा विलास क्रूज भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग परिहवहन को बढ़ावा देने, माल ढुलाई के साथ ही पर्यटन को और सुगम और आकर्षक बनाने के उद्देश्य से फाइव स्टार होटल जैसी सारी सुविधाओं से युक्त गंगा विलास क्रूज पर 28 विदेशी सैलानी सवार हैं। इनमें से आठ जर्मनी और 20 स्विटजरलैंड के नागरिक हैं। शुक्रवार को यह क्रूज यूपी के पहले पड़ाव बलिया पहुंचा था। यहां पर सैलानियों ने महमूदपुर और अन्य स्थानों का भ्रमण किया। इसके बाद क्रूज बक्सर पहुंचा और रातभर वहां रुकने के बाद गाजीपुर के लिए रवाना हुआ। गाजीपुर में क्रूज को निकालने के लिए बच्छलकापुरा–रामपुर में पीपा पुल भी हटाए गए। पीपापुल से क्रूज आगे गाजीपुर के लिए रवाना हुआ तो पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने राहत की सांस ली। गाजीपुर में हमीद सेतु के पास क्रूज का ठहराव होगा। यहां से सैलानियों के लार्ड कार्नवालिस पार्क जाने का कार्यक्रम है। इस क्रूज को देखने के लिए भारी संख्या में बच्छलकापुरा–रामपुर पीपा पुल पर लोग इकट्ठा हो गए और हाथ हिलाकर सैलानियों का अभिवादन किया। विदेशी पर्यटकों ने भी हाथ हिलाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया।

# इनेट प्रो सेंटर फिंगरप्रिंट स्टडी फॉर पर्सनल एंड प्रोफेशनल फ्यूचर का शुभारंभ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल अनौरा कला लखनऊ में इनेट प्रो सेंटर (फिंगरप्रिंट स्टडी फॉर पर्सनल एंड प्रोफेशनल फ्यूचर )का शुभारंभ इंजीनियर महेश



गोयल एवं फक्रेआजम (फाउंडर इनेट प्रो सेंटर) के द्वारा किया गया जिसमें चेयरमैन ने अपने अनुभव के बारे में बताते हुए समाज में क्वालिटी एजुकेशन क्वालिटी मेडिकल हेल्प एवं स्किल डेवलपमेंट के लिए इस सेंटर को जरूरी बताया। फक्रे आजम साहब ने प्रत्येक व्यक्ति के अलग–अलग फिंगरप्रिंट से उनके व्यक्तिगत एवं व्यवसायिक क्षमताओं के बारे में बताया। समय पर इनेट प्रो टीम की स्वाति पाठक ग्रेसी अरुण,गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल अविनाश श्रीवास्तव, निदेशक डॉ आलोक मिश्रा प्रोफेसर अमरजीत यादव जी जी आई निदेशक डॉ आलोक जैन डा अनूप खक्कड़, डॉआकाश वैद्य, डॉ ऋषि अस्थाना एवं आयुर्वेद कॉलेज एवं हॉस्पिटल के विभिन्न विभागाध्यक्ष डॉ गौरव सिन्हा डॉक्टर प्रणव राय डॉ मनीष सिंह डॉ लक्ष्मी सिंह डॉक्टर जयशीला डॉ सोनिका पांडे एवं अन्य निखिल मिश्रा अंकित विशलाक्षी अमन राजेश आदि उपस्थित थे।

# यूपी के 33 हजार से ज्यादा किसानों का कर्ज माफ : कृषि मंत्री

वाराणसी ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के 19 जिलों के 33 हजार से ज्यादा किसानों को नए साल में बड़ी खुशखबरी मिली है। किसानों का 190 करोड़ रुपए कर्ज माफ किया जा रहा है। शनिवार वाराणसी पहुंचे कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने ये घोषणा की। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कृषि मंत्री ने कहा कि बकाए बिजली बिल में यूपी के



किसानों को अब जेल नहीं भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि नलकूप का बकाया होने के बाद भी उसका बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। 50 फीसदी अनुदान पर किसानों को बिजली मुहैया कराई जा रही है। मंत्री ने आगे बताया कि कहा कि प्रदेश सरकार 19 जिलों के 33000 किसानों का 190 करोड़ रुपए कर्ज माफ किया जा रहा है। कृषि मंत्री ने बताया कि 2017 में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद कैबिनेट में किसानों की कर्जमाफी का निर्णय लिया गया था। इसके तहत लाखों किसानों के कर्ज माफ हुए थे। उस दौरान किन्ही कारणों से छूट गए 33408 किसानों के भी 190 करोड़ रुपए का कर्जमाफ किया जाएगा। सरकार ने इस बारे में गजट जारी कर दिया है। मोटे अनाज को बढ़ावा दिया जाएगा आने वाले दिनों में मोटे अनाज को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य सबसे अधिक दरों पर तय किया जा रहा है। मकर संक्रांति के बाद इसकी नीति तैयार की जाएगी। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देखरेख में देश ओर प्रदेश का किसान उन्नत हो रहा है। आजादी के बाद पहली बार तीन गुना ज्यादा अनाज खरीद का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री ने दावा किया कि तिलहन उत्पादन आने वाले दिनों में मील का पत्थर साबित होगा। किसानों को हर सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। प्रदेश में यूरिया और डीएपी की कमी नहीं है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।